राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्षः 11 अंकः 220 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, सोमवार, 21 फरवरी 2022 मूल्यः 1.50/-

### उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान समाप्त

# 59 सीटों पर 57.58 प्रतिशत पड़े वोट

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए तीसरे चरण का मतदान रविवार को सात बजे से प्रारंभ हो गया है। माक पोलिंग से केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को परखा इसके बाद सभी जगह पर मतदाताओं को प्रवेश दिया गया। मतदान में पहले घंटे में कई जगह पर ईवीएम में हल्की खराबी के बीच में लोगों ने गुलाबी ढंग का मजा लेते हुए मतदान किया।





उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में शाम ढलने के समय तक मतदाता बूथ पर डटे थे। शाम पांच बजे तक 16 जिलों की 59 विधानसभा क्षेत्र में 57.58 प्रतिशत मतदान हो गया था। विधानसभा चुनाव 2017 में इस दौरान 62 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीन बजे तक 59 विधानसभा क्षेत्रों में 48.81 फीसदी मतदान, ललितपुर में सर्वाधिक मतदानः उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में तीन बजे तक 48.81 प्रतिशत मतदान हो गया था। 16 जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान 59.13 प्रतिशत मतदान ललितपुर में हो गया था। इसके साथ ही हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, कन्नौज, इटावा, हमीरपुर तथा महोबा में 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया था। कानपुर नगर के मतदाताओं ने तीन बजे तक भी गति नहीं पकड़ी थी। यहां 41.15 प्रतिशत मतदान हो सका था। मैनपुरी की आवास विकास कालोनी के बूथ पर भिड़े भाजपा तथा सपा के एजेंट, हल्का बल का प्रयोग : विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में संवेदनशील जिला माने जाने वाले मैनपुरी में भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में झड़प जारी है। मैनपुरी के आवास विकास कालोनी में बने बूथ पर सपा और भाजपा एजेंट के बीच विवाद हो गया। इनके बीच मारपीट की नौबत आने से पहले पैरामिलिट्री के जवानों ने हल्का बल प्रयोग कर दोनों पार्टी के समर्थकों को खदेड़ दिया। इसके साथ ही मतदान केन्द्र के आसपास गली में खड़े लोगों को घरों के अंदर जाने का निर्देश दिया। यहां पर फर्जी मतदान की शिकायत को लेकर दोनों दल के एजेंटों के बीच में विवाद शुरू हुआ था। उत्तर प्रदेश में एक बजे तक 35.88 प्रतिशत मतदान, कासगंज सबसे आगे : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में छह घंटे यानी एक बजे तक कुल 35.88 प्रतिशत मतदान हो गया था। इस दौरान कहीं से भी झड़प की कोई सूचना नहीं है। दिन में एक बजे तक सर्वाधिक मतदान कासगंज में 42.31 प्रतिशत था। ललितपुर में भी 42.10 प्रतिशत मतदान हो गया था। इनके साथ ही मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, हमीरपुर तथा महोबा में भी मतदाता बड़ी सख्या में उमड़े हैं। कानपुर शहर व देहात के साथ ही झांसी, व फर्रुखाबाद में भी मतदान की गति काफी सुस्त है। कानपुर शहर में एक बजे तक 28.56 प्रतिशत मतदान हो पाया था।

मैनपुरी के दिबलपुर मतदान केन्द्र पर फायरिंग, सपा व भाजपा के समर्थक भिड़े : उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जिले मैनपुरी में भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भिड़ गए। इस दौरान करीब 11 राउंड फायरिंग भी हुई। मैनपुरी के सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव दिबलपुर में मतदान के दौरान सपा और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थक भिड़ गए। इस दौरान 11 राउंड फायरिंग हुई । जिससे दहशत फैल गई। फायरिंग करने वाले फरार हो गए। फायरिंग की घटना की जानकारी मिलने पर कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पड़ताल जारी है। इसके साथ ही करहल के भागपुर में भी हंगामा हुआ है। बूथ नंबर 245 पर ग्रामीणों का आरोप है कि उनको मतदान करने से रोका गया है। इटावा में मतदान के बाद अखिलेश यादव ने उठाया महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में पत्नी डिंपल यादव के साथ मतदान किया। इसके बाद मीडिया से वार्ता में भाजपा की सरकार पर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि बाबा प्रदेश में पांच वर्ष मुख्यमंत्री रहे। बाबा को कोई अच्छा काम करना नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार में महिला असुरक्षित है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई मेडिकल कॉलेज को पाजीआई वाली सुविधाएं क्यों नहीं दीं। आप यहां देख रहे हैं कि सैफई का विकास एक दिन में नहीं हुआ है। अखिलेश यादव के साथ मौजूद उनकी पूर्व सांसद पत्नी डिंपल यादव ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ समाजवादी पार्टी ने ही महिलाओं के विकास के लिए काम किया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाएं बेहद असुरक्षित हैं। ताजा मामला लखनऊ में एक महिला सिपाही का शव नाला में मिलने का है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। उत्तर प्रदेश की जनता तो अखिलेश यादव के साथ है।

### मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश पर साधा निशाना, कहा-

## सपा के इत्र वाले मित्र ने हड़प लिया गरीबों का पैसा

लखीमपुर। देवाधिदेव महादेव गोला की नगरी में श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इत्र वाले मित्र ने प्रदेश की गरीब जनता का सारा पैसा हड़प लिया। ऐसे लोगों से निपटने के लिए जनता इस बार भी उनको सबक सिखाने में पीछे नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने सबका साथ सबका विकास के नारे को एक बार फिर बुलंदी के साथ उठाया और कहा कि पहले तो बिजली की भी जाति हुआ करती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने जाति व धर्म देखकर विकास नहीं किया। बोले, गोला व पलिया विधायकों की विधानसभाओं में उत्कृष्ट कार्यो के लिए दोनो विधायकों बधाई। कहा कि आज 59 सीटों पर मतदान चल रहा है। मतदाताओं का का उत्साह देखकर अच्छा लग रहा है। सीएम योगी ने विधानसभा के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। कहा, यह मतदान उन्हें सुरक्षा देगा, विकास देगा, इसलिए मतदान अवश्य करें। उन्होने कहा, 2017 से पहले प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगा होता था। कर्फ्यू लगता था। अपहरण होता था। सपा सरकार में आतंकियों को जमानत दिलाई जाती थी। आज गोला की धरती पर यह कह सकता हूं कि अब कर्फ्यू नहीं लगता है। हर हर बम-बम के जयघोष से गोला गुजायमान होता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में शांति समृद्वि और किसान की खुशहाली के लिए काम हो रहा है। पूर्व में प्रचंड बहुमत से प्रदेश में सरकार बनाने का मौका दिया। जिसके एवज में प्रधानमंत्री की अगुआई में देश सहित प्रदेश को विकास की राह पर लाया है। उन्होंने कहा कि आज किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ किया। खीरी जनपद के 45 हजार किसानों का कर्ज माफ किया गया। आज किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यहां हर किसान का सम्मान होता है।



योगी ने आगे कहा, 2017 के पहले लखीमपुर खीरी में बिजली मिलती थी। जनता ने ना कहते हुए समर्थन किया। कोरोना काल में अरविंद गिरि, रोमी साहनी सहित डबल इंजन की सरकार लोगों के लिए लगी थी। लेकिन, सपा व बसपा घर में छिपे थे। लोगों को वैक्सीनेशन किया गया परिणामतः तीसरी लहर कब आई, कब चली गई यह काम डबल इंजन की सरकार ने किया है। लोगों को महीने में दो बार फ्री राशन मिल रहा है। लखीमपुर में मेडिकल कालेज बनाने का काम किया गया। आज भाजपा सरकार में जो काम किया जा रहा है, वह पैसा सपा सरकार में सपा के इत्र वाले मित्र के घर जा रहा था।

मुख्यमंत्री यहीं नहीं रुके। उन्होंने कहा, इत्र वाले मित्र के घर पर बुलडोजर चलाकर लोगों के लिए न्याय की लडाई लडी। राम मंदिर का निर्माण कराया गया। भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया है। सबका साथ सबका विकास के अनुसार कार्य कर किया। संविधान निर्माता बाबा साहेब के लिए भी काम किया। बाबा साहब के कार्यकाल से उनके अंत तक की यात्रा का पंचतीर्थ बनाया है। भाजपा ने जाति पांति भेद भाव के आधार पर कार्य नहीं किया। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को सम्मान व सुरक्षा दी है। यह चुनाव प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए आपके बीच आया हूं। जनपद की समस्याओं में बाढ़ सहित तमाम समस्याओं का निराकरण किया गया।

सीएम बोले- प्रदेश में दो नदियों का मार्ग सुचारु कर मूल स्वरुप प्रदान किया जाएगा। जनता से आवाहन किया दोनों विधानसभाओं के विधायकों को विजय दिलाने का काम करें। अरविंद गिरि को निर्देशित किया कि गोला के महादेव का भव्य मंदिर का निर्माण काशी की तर्ज पर कराएं। पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प कराते हुए जनता से विधायकों की विजय का हाथ उठाकर भारत माता की जय का नारा लगवाते हुए संकल्प कराया।

## एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान बोले- अखिलेश यादव आज के औरंगजेब, समझाया बाबा का मतलब

संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का कोई मौका चूक नहीं रहे हैं। इसी क्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को उत्तर प्रदेश के देवरिया में समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की तुलना औरंगजेब से की है। अहमदाबाद बम ब्लास्ट केस में आए कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए शिवराज ने कहा कि आरोपी मोहम्मद सैफ का पिता समाजवादी पार्टी का नेता है। उन्होंने अखिलेश से पूछा कि आखिर में आतंकवादियों पर इतनी रियायत क्यों करते हो। इस दौरान उन्होंने 'बाबा' का मतलब भी लोगों को समझाया। मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान रविवार को देवरिया में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र चौरसिया के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे। देवरिया के रामपुर कारखाना




विधानसभा के बरियारपुर इंटर कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव आज के औरंगजेब हैं। यह मैं नहीं कह रहा बल्कि यह तो नेताजी मुलायम सिंह यादव ने कहा था जो अपने बाप का नहीं हुआ, वह आपका क्या होगा। औरंगजेब ने भी तो यही किया था। अपने बाप शाहजहां को जेल में बंद कर दिया था। मुलायम सिंह यादव कहते हैं कि जितना अपमान अखिलेश ने किया, उतना दुनिया में किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये सत्ता सुख के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह भारत का स्वर्णिम युग है, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मोदी और योगी की जोड़ी विकास का पर्याय है। कंग्रेस के राज में देश में आतंकवादी निडर थे, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में गुंडे, बदमाश, माफिया राज था। इन विषम परिस्थितियों में मोदी और योगी ने आकर इन आतंकियों और बदमाशों के खौफ को खत्म किया। हमारे बाबा जो तुरंत फैसले लेते हैं, तेज दिमाग के हैं और कोई गड़बड़ करता है तो बुलडोजर से नेस्तनाबूद कर देते हैं।

अखिलेश के बाबा वाले बयान का शिवराज सिंह चौहान ने फुलफार्म भी समझाया। उन्होंने कहा कि बाबा का मतलब है बहादुर, जो माफिया को उनकी जगह दिखता है।

एक का मतलब सक्रिय, हमेशा लोगों के लिए काम करना। एक और बी का अर्थ है शानदार, तुरंत निर्णय लेता है। बुलडोजर से सजा देता है और ए का अर्थ है चौकस, लोगों का उद्धारकर्ता।

# सीट बचाने के लिए सपा मुखिया उसी पिता के पास गए जिनको किया था अपमानित : मोदी

उन्नाव । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाजपा यूपी को अंधेरगर्दी से बाहर निकाल कर लाई है। इनपर थोथा चना बाजे घना कहावत घोर परिवार वादियों पर सटीक बैठती है। उनके अभेद्य किले थे, उन किलों को भाजपा ने ध्वस्त कर दिया है। वह उन्नाव में पुरवा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में असोहा के शिकरीमोड़ पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। को सुधारा है। इस लिए यूपी पूरी ताकत से कह रहा है जो सुरक्षा लाए हैं, हम उनकों लाएंगे। तब माफिया ही सरकार चलाते थे, प्रशासन को सीधा आदेश देते थे कि न खाता न बही जो माफिया और गुंडे कहें वही सही। कहा, योगी ने कानून व्यवस्था को सुधार कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि ये वो लोग है, जिन्होंने जिस पिता को मंच से धक्के देकर हटाया था और पार्टी से हटाया था, आज उसी पिता से गुहार लगानी पड़ी कि मेरी सीट बचाइये। इन घोर परिवारवादियों के लिए सरकार एक एटीएम की तरह है, जिससे जितनी चाहो रकम निकलो और अपना घर भरो।

कहा, कोरोना महामारी के समय टीके ने सभी की जान बचाई। अरे मोदी, योगी और स्वतंत्रदेव की तारीफ मत करो लेकिन हेल्थ वर्कर जो गांव गांव जाकर मेहनत कर रहे हैं, कम से कम उनके लिए दो अच्छे शब्द बोल दीजिए। वो नहीं बोलेंगे, स्वार्थ उनके सिर पर ऐसा चढ़ गया है कि उसके आगे किसी की कद्र नहीं है। डबल इंजन की सरकार ने सबको टीका लगवाया ही और गरीबों का कदम कदम में साथ दिया है। महिलाओं को मुफ्त गैस सिलिंडर दिया, हजारों करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में जमा किए, किसानों के खातों में हजारों करोड़ रुपये जमा किए। गरीब भूखा न सो जाए, इसके लिए दो साल से यूपी के पंद्रह करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। लेकिन गरीब का घर भरे और पेट भरे, लेकिन इन घोर परिवारवादियों को अच्छा नहीं लगता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सपा के प्रमुख को तो करहल में हार का खतरा महसूस होने लगा है। इसी कारण अपनी सीट बचाने के लिए उनको अपने उसी पिता से गुहार लगानी पड़ी,



जिनको उन्होंने मंच पर ही अपमानित कर दिया था। इतना ही नहीं पार्टी पर कब्जा करने के बाद उनको अपमानित भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनको अपनी वोट बैंक के बाहर कुछ भी नहीं दिखता था, भाजपा की सरकार गरीब की सरकार और गरीब की सामर्थ पर भरोसा करने वाली सरकार है। करोड़ों गरीबों के बैंक में खाते खुलवाये, अब एक क्लिक पर सरकार बिना किसी बिचौलिये के मदद कर सकती है। हमने ये जो कट की कंपनी थी जो बीच में मलाई खा जाती थी, हमने उनकी सारी दुकानें बंद कर दीं। अब बताई, इनकी बेमानी की दुकानें बंद होंगी तो ये मोदी-योगी का विरोध करेंगे कि नहीं। कट की कंपनी का खेल खत्म हो गया, इसलिए इनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपका भी मन करेगा कि बेटा-बेटी डॉक्टर और इंजीनियर बने लेकिन इन लोगों ने ऐसी कमाल कर रखी थी इसके लिए अंगेजी सीखना पड़ेगा। अब गरीब का बच्चा अंग्रेजी कहा से लाएगा, आजादी के बाद से अंग्रेजी के इस अन्याय को झेलते रहे। अब जो नई एजुकेशन पॉलिसी लाए हैं, उसमें यह तय किया है कि अब अपनी मातृभाषा में गांव का बच्चा भी डॉक्टर-इंजीनियर की पढ़ाई कर सकेगा। ओलंपिक में जो झंडे गाड़कर आए हैं, वो अंग्रेजी बोलने वाले नहीं है, वो गरीब के घर के हमारी भाषा बोलने वाले हैं। हमारी सरकार स्थानीय भाषा में इंजीनियर, डाक्टर और विशेषज्ञ पढ़ाई करने के लिए काम कर रही है। योगी जी के नेतृत्व में दस मार्च के बाद नई सरकार बनने के बाद बच्चों की पढ़ाई को और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपी का पहली बार पोलिंग बूथ के अंदर जाने का मौका मिलेगा, जिसे ईवीएम पर बटन दबाने का मौका मिलेगा। कमल का बटन दबाने से जो विजय ध्वनि निकलेगी। पहली बार वोट डालने जा रहा नौजवान एक ही बात कह रहा है, आएंगे तो... योगी ही। कहा, उन्नाव में पानी से होने वाली बीमारियों से बहुत परेशान रहा है, माताओं, बहनों और बेटियों को अनेकों कष्ट झेलने पड़े हैं। वो भी तब जब गंगा मइया का आशीर्वाद इस क्षेत्र पर रहा है। घोर परिवारवादियों को प्रदूषण से कराहती गंगा मइया और न ही गरीब की मां की चिंता थी। ये डबल इंजन की सरकार हर घर में जल पहुंचाने में जुटी है, जब हर घर में जल पहुंच रहा तो माताएं बहनें आशीर्वाद देती हैं तो भी उनकी नींद खराब हो जाती है। जल जीवन मिशन के तहत अबतक देश में 5.5 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल मिल चुका है। इसमें लाखों परिवार इस यूपी के हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता मिलने पर घोर परिवारवादियों को तिजोरी भरने से ही फुर्सत नहीं मिलती है, इस बार भी भांति भांति के वादे करके हवाबाजी की है। जब सत्ता है नहीं और जब सत्ता आने वाली नहीं है तो फिर बड़ी बड़ी बातें करने में जाता क्या है, गफगोले फेंकने में जाता क्या है। ये जितना बोल रहे हैं तो उनसे पूछो कि जब पांच साल सरकार थी तब क्यों नहीं किया। जब अंदर बैठे हो तब भूल जाते हो और जब फुटपाथ पर आ जाते हो फिर बोलने लगते हो। अब लोग उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं, घोर परिवारदियों के समय रोजगार की क्या स्थिति थी ये उन्नाव हर युवा अच्छी तरह जानता है।

उन्नाव में परिवारवादियों के समय कितनी बिजली आती थी, उत्तर प्रदेश में तो मेहमान की तरह बिजली आती थी, जैसे मेहमान जाते थे बिजली भी चली जाती थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, उन्नाव के आम की मिठास देश के सुदूर बाजारों तक पहुंचे, आम के किसानों को कोई नुकसान हो। यह ऐसी फसल है कि समय पर टेबल पर पहुंच गए, अगर देरी हो गई तो फसल खराब हो जाती है और छोटे किसानों को नुकसान होता है। इसलिए हमने स्पेशल ट्रेन शुरू की है ताकि उनके आम मुंबई दिल्ली पहुंचे और किसानों को नुकसान नहीं हो। छुट्टा जानवरों से होने वाली परेशानी दूर करने के लिए दस मार्च के बाद नई व्यवस्था बनाई जाएगी।

मेरे शब्द लिखकर रखिए, ये मोदी बोल रहा है और आपके आशीर्वाद के साथ बोल रहा है... जो पशु दूध नहीं देता है उसके गोबर से भी आय हो ऐसी व्यवस्था खड़ी कर दूंगा। एक दिन ऐसा आएगा कि लोगों को लगेगा कि छुट्टा पशु को घर में बांध लो इससे भी कमाई होने वाली है। गुंडा, माफिया और खनन करने वालों के पुराने दिन हम उत्तर प्रदेश में लौटने नहीं देंगे, आप मेरी मदद करेंगे ना पक्का करेंगे ना। इस काम में सफल होने के लिए मुझे उत्तर प्रदेश में योगी जी की साथ चाहिये तो आप सरकार बनाएंगे।

पुरवा विधानसभा के चंदनखेड़ा में सिकरी मोड़ मैदान पर आयोजित जनसभा में मंच पर सांसद साक्षी महाराज, विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, पुरवा विधान सभा क्षेत्र के प्रत्याशी अनिल सिंह समेत पांचों विधान सभा के प्रत्याशी मौजूद है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी व एसपीजी के साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर मुस्तैद हैं। एसपीजी ने जनसभा स्थल के मंच और डी क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लिया है। एसपीजी की टीम के नेतृत्व में सुरक्षा अधिकारी चप्पे-चप्पे तैनात हैं। समर्थक भी योगी-मोदी के नारे लगा रही है।

# यूरोप में तूफान यूनिस का कहर, नौ लोगों की मौत

लंदन। अटलांटिक महासागर में उठे जबर्दस्त तूफान यूनिस ने इंग्लैंड व आयरलैंड सहित यूरोप के कई देशों पर कहर ढा दिया है। 196 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

इससे अबतक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है।

ब्रिटेन के मौसम विभाग के अनुसार तूफान यूनिस पश्चिमी इंग्लैंड के कॉर्नवाल तट से टकराया। इसके असर से समुद्र में जबर्दस्त लहरें उठीं। इस कारण समुद्री सेवाओं के अलावा हवाई सेवाओं और रेल सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। हजारों घरों की बिजली गुल है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। लंदन के प्रसिद्ध ओ2 एरेना सहित सैकड़ों कॉटेज की छतें उड़ गयी हैं। जिस समय तूफान आया, ओ2 एरेना परिसर में एक हजार से अधिक लोग मौजूद थे। आनन-फानन में राहत कार्य चलाकर परिसर को खाली कराया गया।

हवा इतनी तेज चली कि ब्रिटेन में 436 उड़ानें रद्द कर दी गयीं। लंदन में एक महिला की कार पर पेड़ गिरने से मौत हो गई। वहीं, लिवरपुल में एक व्यक्ति की कार पर मलबा गिरने से जान गई। दक्षिणी इंग्लिश काउंटी हैम्पशायर में एक वाहन के गिरे हुए पेड़ से टकरा जाने से एक व्यक्ति की जान चली गयी। नीदरलैंड्स में पेड़ गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। बेल्जियम में तेज हवाओं से एक क्रेन अस्पताल की छत पर गिर गई। एक ब्रिटिश व्यक्ति की नाव से पानी में गिरने के कारण मौत हो गई। वेल्स में बिजली की लाइनें टूटने से एक लाख से अधिक लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

# उत्तर कोरिया के परमाणु रिएक्टर में काम जारी होने की आशंका: अमेरिका

सोल, 19 फरवरी (वेब वार्ता)। अमेरिका ने सैटेलाइट के माध्यम से खींची गयी तस्वीरों का हवाला देते हुए आशंका जतायी है कि उत्तर कोरिया के परमाणु रिएक्टर में काम हो रहा है।

अमेरिका के वाशिंगटन आधारित सेंटर फोर स्ट्रेटीज एंड इंटरनेशल स्टडीज की परियोजना बियोंड पैरलल ने शुक्रवार को कहा कि 27 जनवरी से चार फरवरी के बीच ली गयी थर्मल इंफ्रारेड सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि उत्तर कोरिया के योंगब्योन परमाणु कॉम्प्लेक्स में स्थित पांच मेगावाट क्षमता वाला रिएक्टर संचालन में है। थर्मल इमेज में इस रिएक्टर से गर्म पानी निकलता हुआ दिखायी दे रहा है। इससे यह संदेह है कि रिएक्टर और उसका कूलिंग सिस्टम काम कर रहा है।

योनहैप संवाद समिति ने शनिवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने रिएक्टर में इस्तेमाल हुए फ्यूल रॉड को रिप्रोसेस करके प्लूटोनियम बनाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, रिएक्टर से निकलने वाला पानी बहुत गर्म है और इसीलिए जब वह कुर्योग नदी में मिलता है, तो इतनी जल्दी बर्फ में नहीं बदलता है। कुर्योग नदी का पानी जबकि पहले से जमा होता है और रिएक्टर का पानी उसकी ऊपरी सतह पर आता है।

हालांकि रिपोर्ट में यह कहा गया है कि थर्मल इमेज से यह पता नहीं चलता कि क्या रिएक्टर वह पूरी तरह काम कर रहा है।

अमेरिकी वेबसाइट के अनुसार, अगर रिएक्टर पूरी तरह से काम करता तो नदी में जमी बर्फ तेजी से पिघलती।

गौरतलब है कि अंतराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने गत साल जुलाई में अपनी वार्षिक रिपोर्ट में उत्तर कोरिया के इस रिएक्टर के संचालन में होने की बात की थी।

उत्तर कोरिया अब तक छह परमाणु परीक्षण कर चुका है। अंतिम परीक्षण उसने सितंबर 2017 में किया था। अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच परमाणु समझौता 2019 से ही ठंडे बस्ते में है, जब दोनों देशों के बीच हनाई शिखर सम्मेलन में हुई बातचीत का कोई परिणाम नहीं निकल पाया था।

# मेडागास्कर में संयुक्त राष्ट्र ने आपातकालीन फंड जारी किया

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के आपातकालीन राहत समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ्स ने मेडागास्कर में चक्रवात बत्सिराई के लिए मानवीय प्रतिक्रिया को तेज करने के लिए केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष से 25 लाख डॉलर आवंटित किए हैं। ये जानकारी एक प्रवक्ता ने दी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, फंडिंग संयुक्त राष्ट्र को पेयजल और भोजन, आश्रय की वस्तुएं और बुनियादी घरेलू सामान, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, लिंग आधारित हिंसा से बचे लोगों को सहायता और अन्य सेवाओं के साथ-साथ स्कूलों और लॉजिस्टिक की सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 270,000 से अधिक लोगों को तत्काल आश्रय, पानी और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और तत्काल खाद्य सहायता की आवश्यकता है।

प्रवक्ता ने कहा कि बाढ़ से यहां लगभग 21,000 लोग विस्थापित हुए और 20,000 से अधिक घर नष्ट हो गए हैं। कई स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाएं बंद हैं या आंशिक रूप से काम कर रही हैं।

इस बीच, तूफान डुमाको ने मंगलवार को मेडागास्कर के पूर्वोत्तर तट पर दस्तक दी, जिससे 5,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए।

उन्होंने कहा कि सरकार और मानवीय सहयोगी एक और तूफान, एमनाती के प्रक्षेपवक्र का बारीकी से अनुसरण कर रहे हैं, जो हिंद महासागर में बना है और अगले सप्ताह की शुरूआत में मेडागास्कर के पूर्वी तट से टकरा सकता है।

# मेटा ने नाबालिग बच्चे के साथ गलत हरकत करने के आरोपी वरिष्ठ अधिकारी को नौकरी से निकाला

सैन फ्रांसिस्को। मेटा (फेसबुक) ने नाबालिग बच्चे के साथ गलत हरकत करने के आरोपी वरिष्ठ अधिकारी को कंपनी से बाहर कर दिया है।

बच्चों के साथ गलत हरकत करने वालों को पकड़ने के लिए स्टिंग ऑपरेशन करने वाली एक टीम पीसीआई प्रीडेटर कैचर्स ने अपने यूट्यूब पेज पर दो घंटे का वीडियो जारी किया है।

इस वीडियो में दो लोग फेसबुक में ग्लोबल कम्युनिटी डेवलपमेंट मैनेजर रहे जेरेन ए माइल्स से पूछताछ करते दिख रहे हैं। माइल्ड ने वीडियो में यह कबूल किया कि वह एक 13 साल के बच्चे के साथ गलत बातचीत करता है और अश्लील तस्वीरों को भेजता है। यह वीडियो यूट्यूब, रेडिट और अन्य सोशल मीडिया साइट पर वायरल हो गया।

फेसबुक ने इस बात की पुष्टि है कि वीडियो के वायरल होने के बाद जेरेन को कंपनी से निकाल दिया गया है। कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा, इन आरोपों की गंभीरता को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। आरोपी अब हमारी कंपनी का हिस्सा नहीं है। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं और अभी आगे कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

वीडियो के वायरल होते ही जेरेन से फेसबुक और ट्विटर अकांउट बंद कर दिया है।

# ग्रीक द्वीप पर नौका में आग लगने से 11 लापता, 2 फंसे

एथेंस। पश्चिमी ग्रीस के कोर्फू द्वीप में आग लगने की घटना में फंसे दो लोगों के लिए बचाव अभियान जारी है, जबकि 11 लोगों के लापता होने की खबर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने शुक्रवार को समुद्री मामलों के मंत्रालय और द्वीपीय नीति द्वारा जारी एक बयान के हवाले से कहा कि कोर्फू पर कुल 278 लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है, जिसमें एक व्यक्ति भी शामिल है, जो जहाज पर सवार लोगों की आधिकारिक सूची में शामिल नहीं था। ग्रीक कोस्ट गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी निकोस लागाडियानोस ने पीरियस में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, आधिकारिक सूचियों के अनुसार, जहाज के कप्तान ने प्रस्थान से पहले इगौमेनित्सा में बंदरगाह अधिकारियों को प्रस्तुत किया था, यूरोफेरी ओलंपिया में 239 यात्री और 51 चालक दल के सदस्य थे।

# रूस ने आने वाले वक्त में यूक्रेन पर आक्रमण करने का निर्णय लिया है: बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें यकीन है और उनके पास यह मानने की वजह है कि रूसी बल आने वाले हफ्ते में राजधानी कीव समेत यूक्रेन पर हमला करेंगे। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर रूस हमला करता है तो वह ''विध्वंसकारी और अनावश्यक युद्ध'' का जिम्मेदार होगा।

बाइडन ने रूस और अमेरिका में बढ़ते तनाव के बीच यह टिप्पणियां की है। अमेरिका ने आशंका जतायी है कि रूस की यूक्रेन पर हमला करने की योजना है। रूस ने बार-बार इससे इनकार किया है।

व्हाइट हाउस से पत्रकारों से बातचीत में बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका हर उस वजह को खत्म करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है जिसे रूस यूक्रेन पर हमला करने की आड़ बना सकता है तथा वह उसे आगे बढ़ने से रोकने की भी कोशिश कर रहा है।

बाइडन ने कहा, ''देखिए, हमे यकीन है कि रूसी बल आने वाले सप्ताह या आने वाले दिनों में यूक्रेन पर हमला करने की योजना बना रहे हैं। हमें यकीन है कि वे यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाएंगे जहां, 28 लाख निर्दोष लोग रहते हैं।''

उन्होंने कहा, ''कोई गलती न करें। अगर रूस अपनी योजना को आगे बढ़ाता है तो वह विध्वंसकारी और अनावश्यक युद्ध का जिम्मेदार होगा। अमेरिका और हमारे सहयोगी देश नाटो क्षेत्र की एक-एक इंच जमीन की रक्षा करने के लिए तैयार हैं।''




अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यकीन है कि रूस यूक्रेन पर हमला करने जा रहा है।

उन्होंने यूक्रेन में सैनिकों को भेजने की संभावना से इनकार किया लेकिन कहा कि अमेरिका, यूक्रेन के लोगों का सहयोग जारी रखेगा।

यह पूछने पर कि क्या उन्हें लगता है कि आक्रमण की स्थिति में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की का यूक्रेन छोड़ना बुद्धिमानी वाला कदम होगा, इस पर बाइडन ने कहा, ''इसका फैसला उन्हें करना है। मैंने जेलेन्स्की से कई दफा बात की है।''

उन्होंने कहा, ''हम रूस को उसके कदमों के लिए जवाबदेह ठहराएंगे। पश्चिम देश एकजुट और दृढ़ संकल्पित हैं। अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम उस पर गंभीर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं। लेकिन मैं फिर कहता हूं कि रूस अब भी कूटनीति का रास्ता चुन सकता है। तनाव कम करने में अभी देर नहीं हुई है।''

बाइडन ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव 24 फरवरी को मुलाकात करने पर राजी हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर रूस उस तारीख से पहले सैन्य कार्रवाई करता है तो यह स्पष्ट है कि उन्होंने कूटनीति के लिए दरवाजा बंद कर दिया है।

उन्होंने कहा, ''वे युद्ध को चुनेंगे और उन्हें इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।''

क्रेमलिन ने सैन्य ताकत को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास करने की शुक्रवार को घोषणा की थी।

# पद छोड़ने के बाद सरकारी गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे ट्रंप: अमेरिकी अभिलेखागार

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मार-आ-लागो स्थित निवास पर व्हाइट हाउस के दस्तावेजों के जो 15 डिब्बे रखे गए थे उनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी थी।

देश के राष्ट्रीय अभिलेखागार और दस्तावेज प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि न्याय मंत्रालय को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। निगरानी और सुधार पर प्रतिनिधि सभा की समिति को नौ फरवरी को लिखे गए एक पत्र के जवाब में राष्ट्रीय अभिलेखागार ने उन खबरों की पुष्टि की जिसमें कहा जा रहा था कि ट्रंप, जनवरी 2021 में पद छोड़ने के बाद अपने साथ सरकारी दस्तावेज फ्लोरिडा ले गए थे।



प्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने एक जांच शुरू की थी और राष्ट्रीय अभिलेखागार ने कथित तौर पर न्याय मंत्रालय से इस मामले को देखने को कहा है। इस बाबत न्याय मंत्रालय और संघीय जांच एजेंसी ने अभी तक कुछ नहीं कहा है।

# यूक्रेन के विद्रोहियों ने हमले के डर के बीच सैन्य लामबंदी का आदेश दिया

कीव। पूर्वी यूक्रेन में एक अलगाववादी नेता ने आक्रमण के बढ़ते डर के बीच पूर्ण सैन्य लामबंदी का आदेश दिया है।

दोनेत्स्क क्षेत्र में रूस समर्थित अलगाववादी सरकार के प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने शनिवार को एक बयान जारी कर पूर्ण सैन्य लामबंदी की घोषणा की और रिजर्व बल के सदस्यों से सैन्य भर्ती कार्यालय में आने का अनुरोध किया।

हाल के दिनों में क्षेत्र में यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच हिंसा बढ़ने के बाद यह कदम उठाया गया है। इस हिंसा को लेकर पश्चिम देशों ने आशंका जतायी है कि



मॉस्को इसकी आड़ में हमला कर सकता है। दोनेत्स्क और लुहांस्क में अलगाववादी प्राधिकारियों ने शुक्रवार को महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों को पड़ोसी रूस भेजने की घोषणा की थी। इन प्रयासों के तुरंत बाद विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में कई विस्फोट हुए थे।

पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादी संघर्ष 2014 में शुरू हुआ और इसमें 14,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# भारतीय-अमेरिकी न्यायाधीश ने धोखाधड़ी के लिए पाकिस्तानी नागरिका को 12 साल की सजा सुनाई

सैन फ्रांसिस्को। भारतीय-अमेरिकी न्यायाधीश मनीष शाह ने पाकिस्तान के रावलपिंडी के 33 वर्षीय मुहम्मद अतीक को 12 साल जेल की सजा सुनाई है और लगभग 48 मिलियन डॉलर की क्षतिपूर्ति का भुगतान करने का आदेश दिया है।

न्याय विभाग (डीओजे) ने एक बयान में कहा, इसके अलावा, अमेरिका में इलिनोइस के उत्तरी जिले में न्यायाधीश शाह ने 2.4 मिलियन डॉलर कैशियर चेक और 1 मिलियन डॉलर से अधिक नकद जब्त करने का आदेश दिया।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, अतीक ने होम हेल्थ केयर कंसल्टिंग के इस्लामाबाद कार्यालय में काम किया, एक संस्था जो इलिनोइस, इंडियाना, नेवादा और टेक्सास में स्थित 20 से अधिक घरेलू स्वास्थ्य एजेंसियों के लिए मेडिकेयर बिलिंग और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड के रखरखाव को नियंत्रित करती है।



**डीओजे ने कहा,**
**अतीक ने अमेरिकी कर्मचारियों को संयुक्त राज्य अमेरिका में महंगी घड़ियों और अन्य लक्जरी वस्तुओं की खरीद के लिए धोखाधड़ी की आय का उपयोग करने और फिर दुबई में अतीक के सहयोगियों को आइटम वितरित करने का निर्देश दिया।**

होम हेल्थ केयर कंसल्टिंग में काम करते हुए, अतीक ने अमेरिका में घरेलू स्वास्थ्य एजेंसियों का अधिग्रहण और प्रबंधन करने के लिए नीलेश पटेल, संजय कपूर और राजेश देसाई सहित कई तरह की नकली पहचान का इस्तेमाल किया।

एक बार जब एजेंसियां अतीक के नियंत्रण में थीं, तो उन्होंने एजेंसियों को घरेलू स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकेयर के लिए धोखाधड़ी के दावे प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप सेवाओं के लिए 40 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया गया जो वास्तव में कभी प्रदान नहीं किया गया था।

मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश के हिस्से के रूप में, अतीक ने अपने अमेरिकी कर्मचारियों को विदेशी धन प्रेषण व्यवसायों के विदेशी ग्राहकों द्वारा नामित अमेरिकी बैंक खातों में धोखाधड़ी की आय के चेक जमा करने का निर्देश दिया।

पैसे भेजने वाले व्यवसायों ने तब पाकिस्तान में अतीक को नकद भुगतान जारी किया, साथ ही साथ अतीक के नियंत्रण में पाकिस्तान में बैंक खातों में जमा किया।

डीओजे ने कहा, अतीक ने अमेरिकी कर्मचारियों को संयुक्त राज्य अमेरिका में महंगी घड़ियों और अन्य लक्जरी वस्तुओं की खरीद के लिए धोखाधड़ी की आय का उपयोग करने और फिर दुबई में अतीक के सहयोगियों को आइटम वितरित करने का निर्देश दिया।

एफबीआई शिकागो फील्ड ऑफिस और यूएस डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज ऑफिस ऑफ इंस्पेक्टर जनरल (एचएचएस-ओआईजी) ने मामले की जांच की।

# वियना परमाणु वार्ता अच्छे और सुलभ समझौते के बहुत करीब: ईरानी विदेश मंत्री

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने कहा कि वियना में 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए उनके देश और विश्व शक्तियों के बीच चल रही बातचीत एक अच्छे और सुलभ समझौते के बहुत करीब है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमीर अब्दुल्लाहियन ने 58वें म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के लिए शुक्रवार को जर्मनी पहुंचने पर यह टिप्पणी की, जहां उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पहले ही अपनी सक्रिय पहल को बातचीत की मेज पर रख चुका है।

अब्दुल्लाहियन ने कहा कि पश्चिमी पक्षों को अपनी पहल प्रस्तुत करनी होगी और वास्तविक लचीलापन दिखाना होगा, क्योंकि यह वे हैं जो ईरान की पहल के प्रति अपने दृष्टिकोण के माध्यम से यह निर्धारित करेंगे कि वार्ता कुछ दिनों या कुछ हफ्तों के भीतर होगी या नहीं।

उन्होंने कहा, हम अभी भी वियना वार्ता में कई अनसुलझे मुद्दों का सामना कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा, एक संभावित समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, परमाणु समझौते के तहत प्रतिबद्धताओं की वापसी सुनिश्चित करने के लिए बातचीत होनी चाहिए, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मई 2018 में जेसीपीओए से हाथ खींच लिया और ईरान पर प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया, जिसने बाद में एक साल बाद अपनी कुछ परमाणु प्रतिबद्धताओं को छोड़ने और अपने रुके हुए परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

अप्रैल 2021 के बाद से, ऑस्ट्रिया की राजधानी में ईरान और शेष पार्टियों, अर्थात् यूके, चीन, फ्रांस, रूस और जर्मनी के बीच आठ दौर की वार्ता हुई है, जिसमें अमेरिका अप्रत्यक्ष रूप से इस ऐतिहासिक सौदे को पुनर्जीवित करने के लिए वार्ता में शामिल है।

# छह अफ्रीकी देशों को डब्ल्यूएचओ से मिलेगी कोविड वैक्सीन तकनीक

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने छह अफ्रीकी देशों को कोविड वैक्सीन तकनीक उपलब्ध कराने का फैसला किया है। यूरोपीय यूनियन और फ्रांस की मदद से डब्ल्यूएचओ ने मिस्र, केन्या, नाइजीरिया, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका और ट्यूनीशिया को कोविड-19 महामारी के विरुद्ध लड़ाई में मददगार एमआरएनए वैक्सीन की तकनीक उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुखिया टैड्रॉस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा कि वैश्विक सार्वजनिक कल्याण की वस्तुओं की आपूर्ति के लिये कुछ कंपनियों पर ही निर्भर रहना ख़तरनाक हो सकता है। इसीलिए तकनीकी हस्तांतरण का फैसला हुआ है ताकि अधिकाधिक देश लाभान्वित हो सकें। एमआरएनए तकनीक के जरिये शरीर की कोशिकाएं एक ऐसा प्रोटीन बनाती हैं, जिससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है। कोविड-19 के मामले में, यह तकनीक एक हानिरहित स्पाइक प्रोटीन का उत्पादन करती है, जोकि शरीर को वायरस से अपनी रक्षा के लिये तैयार होने का संकेत भेजती है।



बताया गया कि देशों में उनके बुनियादी ढांचे, कार्यबल और नियामक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य साझीदार संगठन एक रोडमैप विकसित करेंगे। साथ ही, प्रशिक्षण और आवश्यक समर्थन प्रदान किया जाएगा ताकि बेहद कारगर टीकों का जल्द से जल्द घरेलू स्तर पर उत्पादन शुरू किया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन सभी देशों में वैक्सीन उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए जैव-विनिर्माण कार्यबल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। जिन देशों की उत्पादन, वैज्ञानिक व क्लीनिकल शोध में दिलचस्पी है, वे इसका हिस्सा हो सकते हैं और इसकी घोषणा अगले कुछ हफ़्तों में की जाएगी।

# कनाडा में पुलिस ने 100 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया

ओटावा। कनाडा की राजधानी ओटावा की सड़कों पर प्रदर्शन कर आवागमन बाधित करने वाले सैकड़ों ट्रक चालकों को पुलिस ने हटाने का काम शुरू कर दिया है और इस सिलसिले में शुक्रवार को कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

ओटावा पुलिस के अंतरिम प्रमुख स्टीव बेल ने कहा कि उपद्रव करने के आरोप में अब तक कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और करीब दो दर्जन वाहनों को हटाया जा चुका है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस और प्रशासन के दबाव के बाद प्रदर्शनकारियों ने वाहनों और ट्रकों को हटाना शुरू कर दिया है।




स्टीव बेल ने कहा कि पुलिस सड़क पर नियंत्रण करने के लिए आगे बढ़ना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, हम दिन-रात काम करेंगे जब तक कि यह पूरा नहीं हो जाता।÷ गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रदर्शनकारियों की अगुवाई करने वाले चार नेता भी शामिल हैं। एक को जमानत मिल गई जबकि अन्य जेल में बंद हैं।

सरकार ने प्रदर्शन खत्म कराने के लिए यहां आपातकालीन स्थिति लागू की हुई है। इसी के तहत पुलिस प्रदर्शनकारियों को वापस भेजने की कोशिश कर रही है। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने अभियान शुरू किया तो कुछ प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया। इसके बाद स्वचालित हथियारों से लैस सुरक्षाबलों ने प्रदर्शन स्थल की ओर कूच किया और कुछ प्रदर्शनकारियों को जमीन पर गिरा दिया और उनके हाथ पीछे से बांध दिए।

दरअसल, कनाडा में इन दिनों कोविड-19 टीकाकरण और वैश्विक महामारी संबंधी पाबंदियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रक चालकों की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों ने कनाडा की राजधानी ओटावा में ट्रकों के साथ जाम लगा दिया है और कई जगह कनाडा से अमेरिका जाने वाला मार्ग बाधित कर दिया है।

बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी ओटावा के पार्लियामेंट हिल इलाके में पहुंचे और उन्होंने सरकारी इमारतों के चारों ओर कटीले तार लगाकर उनकी घेराबंदी कर दी।

पुलिस ने शहर के अधिकांश इलाकों को बाहरी लोगों के लिए सील करना शुरू कर दिया है ताकि प्रदर्शनकारियों की सहायता के लिए उन्हें आने से रोका जा सके।

वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि सैकड़ों पुलिस अधिकारी प्रदर्शन स्थल पर मौजूद हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों के करीब एक श्रृंखला बना रखी है। सभी आपस में एक दूसरे के हाथ पकड़े हुए हैं और कनाडा का राष्ट्रगान गा रहे हैं। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शनकारी बच्चों को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।

## द्वारका पुलिस ने निकाली साइकिल रैली

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस के मद्देनजर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को द्वारका जिला पुलिस ने साइकिल रैली निकाली। इसमें जिले के पुरुष व महिला पुलिसकर्मी समेत स्थानीय बच्चों ने भी भाग लिया।

यह रैली द्वारका जिला पुलिस मुख्यालय से शुरू होकर वेगास मॉल होते हुए फिर जिला पुलिस मुख्यालय वापस आकर सम्पन्न हुई। एडिशनल डीसीपी ने फ्लैग ऑफ करते हुए इस रैली की शुरुआत की। इसका नेतृत्व द्वारका जिले के एडिशनल डीसीपी द्वारा किया गया। यह रैली सुबह सवा सात बजे शुरू हुई।

## युवा कांग्रेस ने केजरीवाल के आवास के पास प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। कांग्रेस की युवा शाखा ने शनिवार को यहां आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नजदीक विरोध प्रदर्शन किया।

आप के पूर्व नेता और कवि कुमार विश्वास द्वारा केजरीवाल पर पंजाब में अलगाववादियों का समर्थन करने संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने हमला किया है। आप सुप्रीमो ने कुमार विश्वास के आरोपों को 'हास्यास्पद' बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि देश के 'भ्रष्ट' लोगों ने उनके खिलाफ हाथ मिला लिया है।

भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल और आप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चंदगीराम अखाड़े से मुख्यमंत्री आवास तक मार्च किया। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग पर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी. वी. ने कहा कि हर कोई चाहता है कि केजरीवाल उन आरोपों का जवाब दें, अगर उन्हें चुनाव में खालिस्तानी समर्थकों से मदद मिली है।

केजरीवाल की आम आदमी पार्टी पंजाब में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के लिए एक प्रमुख चुनौती बनकर उभरी है। पंजाब में विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को मतदान होना है।

## दक्षिणी निगम के माता गुजरी अस्पताल ,तिलक नगर में स्थापित होगा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर

दक्षिणी निगम व रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीमियर साथ

समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। दक्षिणी निगम के माता गुजरी अस्पताल ,तिलक नगर में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित होने जा रहा है। मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने हेतु आयुक्त, श्री ज्ञानेश भारती , अतिरिक्त आयुक्त श्री रणधीर सहाय और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीमियर और निगम के अस्पताल प्रशासन विभाग के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।रोटरी क्लब 50 लाख रुपये की सहायता कर ,ऑपरेशन थियेटर स्थापित करेगा ।साथ ही एनेस्थीसिया उपकरण और अन्य ज़रूरी मेडिकल सामान भी प्रदान करेगा। माता गुजरी अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर स्थापित हो जाने से विभिन्न प्रकार की सर्जरी, प्रसूति सर्जरी, आदि की जा सकेंगी और मरीज़ों को व्यापक स्तर पर इसका लाभ पहुँचेगा।

दक्षिणी निगम द्वारा माता गुजरी अस्पताल को 100 बिस्तरों वाला मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए विभिन्न क़दम उठाए जा रहे हैं व मेड़िकल सुविधाओं को सुदृढ़ कर रहा है, जिससे लोगों को बेहतर इलाज मिल सके।ऑपरेशन थियेटर किसी भी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का एक अभिन्न अंग है और इसके बन जाने से माता गुजरी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। सीमित संसाधनों और वित्तीय चुनौतियों के बावजूद माता गुज़री अस्पताल में विश्वस्तरीय व अत्याधुनिक मेडिकल सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। पिछ्ले वर्ष ही अस्पताल में बच्चों व नवजात शिशु के लिए आइ.सी.यू., बाल चिकित्सा वार्ड ,पी.एस.ए. ऑक्सीजन प्लांट , नए डायलिसिस केंद्र आदि स्वास्थ्य सेवाओं का भी लोकार्पण किया गया। दक्षिणी निगम विभिन्न एनजीओं व संस्थानों के सहयोग से अपने अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और विकसित करने की ओर कार्य कर रहा है।

## भ्रष्टाचारी अरविन्द केजरीवाल देश की एकता और अखंडता के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चुके है।: चौ0 अनिल कुमार

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अपने को राष्ट्रभक्त बताने वाले अरविन्द केजरीवाल देश की एकता और अखंडता के लिए बहुत बड़ा खतरा है क्योंकि वे देश के टुकड़े करके एक स्वतंत्र देश बनाकर उसका प्रधानमंत्री बनने का सपना संजोय बैठे है, देश और देशवासियों को यह बिलकुल मंजूर नही है। भ्रष्टाचारमुक्त, पारदर्शी शासन का नारा देने वाले अरविन्द केजरीवाल के 80 प्रतिशत मंत्री, 50 प्रतिशत विधायकों पर अपराधिक मामले चल रहे है और कल पूर्वी दिल्ली नगर निगम की निगम पार्षद को सीबीआई ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा है, जिससे साफ हो जाता है कि अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार और देश विदेशों से गैर कानूनी फंडिग से आम आदमी पार्टी को चला रहे है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

आज हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य कुमार विश्वास द्वारा अरविन्द केजरीवाल की अलगावादी सोच को पर्दाफाश होने के बाद मुख्यमंत्री निवास पर अरविन्द केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध पदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और झंडे लेकर ''देशद्रोही केजरीवाल इस्तीफा दो-इस्तीफा दो'' आदि नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शनकारियों में प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के साथ पूर्व सांसद रमेश कुमार, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चैयरमेन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जय किशन, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, विजय लोचव, कुंवर करण सिंह, चरण सिंह कंडेरा, सुरेन्द्र कुमार अमरीश गौतम, कोषाध्यक्ष संदीप गोस्वामी, डा0 नरेश कुमार, परवेज आलम, जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, मिर्जा जावेद अली, जुबैर अहमद, मनोज यादव, राजेश जैन, धर्मपाल चंदेला, विष्णु अग्रवाल, विशाल मान, सतबीर शर्मा, आदेश भारद्वाज, मदन खोरवाल, निगम पार्षद शोएब दानिश, सुशीला खोरवाल, पूर्व निगम पार्षद पुष्पा सिंह, कृष्ण मुरारी जाटव, हरी किशन जिंदल, शांति स्वरुप सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई और सेल एवं विभाग के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचारियों की फौज इक्ट्ठा किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार व अलगावाद की राह पर चलने वाले केजरीवाल बाबा साहेब और भगत सिंह के विचारों और सपनों का भारत किस सोच के साथ बनाने की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस पर केजरीवाल द्वारा शराब नीति की घोषणा करना उनके देश विरोधी चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि पिछ्ले पिछ्ले 7 वर्षों में केजरीवाल ने कहां-कहां से पैसा लिया, किन खालिस्तानी नेताओं, समर्थकों से मुलाकात की, उसकी जांच होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को फंडिग कहा से हो रही है उनके खातों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की आतंकवादी संगठनों के साथ संबध की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में रहकर देश के खिलाफ सोच रखने वाले अरविन्द केजरीवाल की मानसिकता सत्ता के लालच में संकुचित हो चुकी है।

चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के मुखिया केजरीवाल ने दिल्ली की सत्ता के 7 वर्षों के शासन में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी की पार्षद को खुलेआम रिश्वत लेते पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की विधानसभा क्षेत्र के वार्ड की निगम पार्षद आप पार्टी की फंडिग के लिए पैसा उगाही कर रही थी।

## पार्टी से निष्कासित ना करके आम आदमी पार्टी दे रही है गिरफ्तार भ्रष्ट पार्षद मिस लेंटर गीता रावत को राजनीतिक संरक्षण : भाजपा प्रवक्ता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी नेताओं के द्वारा भाजपा शासित नगर निगमों एवं पार्षदों के विरूद्ध चलाये जा रहे बेबुनियाद भ्रष्टाचार के अभियान की हवा निकल गई है और भ्रष्टाचार के विरुद्ध 'आप' नेताओं के दोगले मापदंड भी बेनकाब हो गये हैं।



गत दो तीन साल से 'आप' नेता रात दिन नगर निगमों के भाजपा पार्षदों पर अवैध निर्माण को संरक्षण देने का आरोप लगाते रहे हैं, उन्हे मिस्टर लेंटर कहते रहे पर दो दिन पूर्व खुद आम आदमी पार्टी की पार्षद गीता रावत की रिश्वत लेते हुऐ हुई गिरफ्तारी के बाद से 'आप'नेताओं को सांप सूंघ गया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की गिरफ्तारी के तीन दिन बाद भी पार्टी से निष्कासित ना करके आम आदमी पार्टी गिरफ्तार भ्रष्ट पार्षद मिस लेंटर गीता रावत को राजनीतिक संरक्षण दे रही है।

रोज़ बेबुनियाद रूप से भाजपा पार्षदों को मिस्टर लेंटर कहने वाले 'आप' नेतृत्व से आज दिल्ली वाले जानना चाहते हैं की वह अपनी पार्टी की मिस लेंटर गीता रावत जो एक नागरिक से मकान में बनाये छज्जे की एवज में 20000 रिश्वत मांग रही थीं को क्यों नही पार्टी से निष्कासित कर रहे।

## दिल्ली से भी हटे रात्रि कर्फ्यू : व्यापारी संगठन

नई दिल्ली। कोरोना की रफ्तार सुस्त पड़ने के साथ ही पाबंदियों को हटाया जा रहा है। हरियाणा के बाद यूपी में भी रात्रिकालीन कर्फ्यू हटा लिया गया है। इससे रात में भी सामान्य रूप से स्वीकृत व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है। लेकिन दिल्ली में अभी कर्फ्यू जारी है। यूपी और हरियाणा में कर्फ्यू हटा तो व्यापारियों ने राजधानी में भी इसे हटाने की मांग की है।

व्यापारियों का कहना है कि अब कोरोना का कोई बड़ा खतरा नहीं है। पड़ोसी राज्य अपने यहां कर्फ्यू पूरी तरह से हटा चुके हैं, जिससे वहां सामान्य रूप से कारोबार हो रहा है। दिल्ली में कर्फ्यू जारी रहने से कारोबार करने में मुश्किल हो रही है। रात में पुलिस माल ढुलाई में लगे मजदूरों को नहीं जुटने देती, जबकि दिल्ली में माल की लोडिंग और अनलोडिंग (चढ़ाने-उतारने) का काम रात में ही होता है। पाबंदी का तर्क देकर ट्रांसपोर्टर भी ज्यादा पैसे मांगते हैं। उनका कहना है कि उन्हें ट्रक लंबे समय तक खड़ा रखना पड़ता है। अगर रात को सामान लेकर पहुंचते हैं तो सुबह पांच बजे के बाद सामान उतरना शुरू होता है।

## सभी पब्लिक स्कूलों की फीस एक समान न होने पर सवाल उठाया

नई दिल्ली। दिल्ली ग्राम पंचायत संघ ने रविवार को आयोजित पंचायत में दिल्ली के सभी पब्लिक स्कूलों में फीस अलग-अलग होने पर सवाल उठाया। पंच प्रमुखों ने कहा कि नामी स्कूलों में छात्रों से फीस बहुत ज्यादा ली जाती है और कई स्कूलों में फीस बहुत कम है। उन्होंने मांग की कि ज्यादा एवं कम फीस लेने के कारण सार्वजनिक किए जाए और दिल्ली सरकार सभी स्कूलों की फीस एक समान करें। उन्होंने छात्रों के प्रवेश को लेकर होने वाली धांधली को भी बंद कराने और सभी स्कूलों को इलाके के गांवों के बच्चों को प्रवेश देने के निर्देश देने की मांग की।



पीरागढ़ी गांव में हुई पंचायत में दिल्ली ग्राम पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव व पंच प्रमुख सदस्य आठ गांव के प्रधान सुरेश शौकीन, प्रमुख सदस्य राजकुमार यादव, रोहतास शौकीन, पारस त्यागी आदि ने मांग की कि दिल्ली वासियों को शिक्षा व चिकित्सा एक समान मिले। दिल्ली सरकार सुनिश्चित करें कि सभी पब्लिक स्कूलों में फीस एक समान हो। इसी तरह चिकित्सा सुविधा के लिए सभी नर्सिंग होम में एक ही फीस ली जाए।

उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के बच्चों के दाखिले के समय सभी पब्लिक स्कूलों में शिक्षा विभाग का एक वरिष्ठ अधिकारी और एक अभिभावक समिति का सदस्य जरूर होना चाहिए, ताकि दाखिले की प्रक्रिया सही तरीके से हो सके। डेवलपमेंट चार्ज व वार्षिक चार्ज का अभिभावक कमेटी के समक्ष ऑडिट होना चाहिए, क्योंकि डेवलपमेंट चार्ज में वार्षिक चार्ज बड़े-बड़े स्कूलों में बहुत ज्यादा वसूला जा रहा है।

उन्होंने दिल्ली सरकार से मांग की कि फीस हर वर्ष नहीं बढ़ानी चाहिए। डेवलपमेंट चार्ज और वार्षिक चार्ज तय करने के लिए एक कमेटी का गठन होना चाहिए, जिसमें अभिभावक समिति की तरफ से भी एक सदस्य हो। इसके अलावा संघ ने मांग की कि जिन गांवों की जमीन पर स्कूल बने हैं उन गांवों के बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिला होना चाहिए।

## शिक्षण परिसरों में कोरोना रोकने में मदद करेगा 'कैम्पस रक्षक'

नई दिल्ली। जोधपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने शैक्षणिक संस्थानों के लिए 'कैम्पस रक्षक' नामक प्रारूप तैयार किया है, जिसके तहत कोविड-19 के संभावित प्रसार को रोकने तथा शैक्षणिक परिसरों को समुचित तौर पर फिर से खोलने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस प्रारूप में कई एप्लीकेशन्स और टूल्स समाहित होंगे।

आईआईटी जोधपुर ने इस पहल के माध्यम से परिसरों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आईआईएससी बेंगलुरु, आईआईटी खड़गपुर, आईआईआईटी हैदराबाद, आईआईटी बंबई, एल्गोरिथम बायोलॉजिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हीथबैज प्राइवेट लिमिटेड और पृथ्वी.एआई के साथ सहयोग किया है। यद्यपि कैंपस रक्षक के दो प्रोटोटाइप का आईआईटी जोधपुर और आईआईआईटी हैदराबाद में एक साथ परीक्षण किया गया है, लेकिन टीम देश भर के शैक्षणिक परिसरों तक पहुंचने के लिए किफायती और लचीले मूल्य निर्धारण मॉडल, उत्पाद, विपणन और बिक्री से संबंधित रणनीति तैयार करने के लिए बातचीत कर रही है।

कैंपस रक्षक के चार घटक हैं- टेपेस्ट्री पूलिंग, गो कोरोना गो ऐप, सिमुलेटर और हेल्थबैज। ये एक एकल मंच बनाते हैं, जो कोविड-19 के खिलाफ शैक्षणिक परिसरों के लिए निगरानी, पूर्वानुमान और राहत रणनीतियों की सिफारिश करते हैं। आई-हब दृष्टि के मुख्य तकनीकी अधिकारी मानस बैरागी ने कहा, 'टेपेस्ट्री पूलिंग विधि कई पूल को अलग-अलग नमूने देती है, जिससे स्क्रीनिंग की लागत एक-चौथाई हो जाती है। प्रत्येक पूल के परिणामों के आधार पर एल्गोरिदम कोविड-19 के पॉजिटिव नमूनों का पूर्वानुमान बताता है। आईआईटी, जोधपुर में आई-हब दृष्टि एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब है जो कंप्यूटर विज़न, ऑगमेंटेड रियलिटी और वर्चुअल रियलिटी पर केंद्रित है।

बैरागी ने कहा, 'गो कोरोना गो ऐप आरोग्य सेतु के समान एक मोबाइल ऐप है, लेकिन कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने को लेकर सही निर्णय लेने के लिए प्रशासन को डेटा उपलब्ध कराता है।

## राजनीतिक पार्टियों ने जनता के बीच पैठ बनाने की होड़

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव की सुगबुगाहट के बीच सभी राजनीतिक पार्टियों ने जनता के बीच पैठ बनाने की होड़ मची हुई है । इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ अभियान चला रही है । पार्टी के कार्यकर्ताओं हर बूथ पर घर - घर जाकर बैठकें कर रहे है। इस कड़ी में जसोला विहार में एक बैठक मंडल अध्यक्ष पवन पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई । मुख्य अतिथि पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश के मंत्री एस राहुल रहे । बैठक में आर के शर्मा, कमल मिश्रा, जन्मेजय शर्मा, नीरज दुबे, सुनील कुमार त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, रमेश यादव आदि मौजूद रहे।

बैठक में पत्रक वितरित करने के बाद एस राहुल ने नागरिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी तथा दिल्ली की केजरीवाल सरकार की नाकामियों को गिनाया । उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश को कोरोना काल में सहायता करने के साथ-साथ मुफ्त राशन, मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त कोरोना जांच सहित कई योजनाएं लाकर समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने का काम किया है । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोरोना जैसी महामारी को परास्त करने का काम किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। कोरोना काल में अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा केंद्र सरकार के ने काम किया है तो वह दिल्ली राज्य है ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फ्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, गरीब खाद्यान्न योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड ऐसी कई योजनाएं हैं, इसे दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने लागू ही नहीं किया । 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा और आवास आज गरीब तबके की सबसे बड़ी जरूरत है लेकिन केजरीवाल सरकार की बेरुखी के कारण लाखों लोग लोगों को इस योजना का लाभ देने से वंचित है ।

## दिल्ली में निगम चुनावों के दौरान पहली बार मॉडल बूथों की वेबकास्टिंग होगी

नई दिल्ली। राज्य चुनाव आयोग ने दिल्ली के तीनों नगर निगमों में चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने इस बार चुनाव में मतदाताओं को बेहतर सुविधा देने के साथ निष्पक्ष चुनावों के लिए मजबूत निगरानी तंत्र बनाने की तैयारी चुनावों की घोषणा से पहले ही शुरू कर दी है। निगम चुनावों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कैमरे के अलावा संवेदनशील बूथों, मॉडल बूथों पर वेबकास्टिंग की सुविधा शुरू करने की तैयारी है। दिल्ली नगर निगमों में पहली बार आयोग की तरफ से वेबकास्टिंग की जाएगी। अभी तक यह व्यवस्था पिछले विधानसभा चुनावों में ही की गई थी।

गौरतलब है कि दिल्ली में अप्रैल में नगर निगम चुनाव होना है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो राज्य चुनाव आयोग चुनाव को लेकर मार्च के पहले पखवाड़े में कभी भी घोषणा कर सकता है। आयोग ने अपने स्तर पर निगम चुनावों की घोषणा से पहले ही तैयारी शुरू कर दी है। निगम वार्ड के आरक्षित सीटों की सूची बीती जनवरी के अंतिम सप्ताह में जारी की जा चुकी है। आयोग ने उन पूर्व उम्मीदवारों की सूची भी तैयार कर ली है जो पिछले चुनाव में अपने खर्च का हिसाब नहीं देने के कारण इस बार चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इसमें 300 से अधिक लोगों के नाम हैं। अब चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू होते ही राजनीतिक दलों और उनके उम्मीवारों की निगरानी कैसे हो इसे लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

आयोग निगम चुनावों में उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों की निगरानी के लिए वीडियो कैमरे किराये पर ले रहा है। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों वाले मतदान केंद्र और मतगणना केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। मॉडल बूथों के अलावा कुछ संवेदनशील इलाकों पर वेबकास्टिंग की सुविधा होगी।

## क्लास रूम बढ़ाने से कैसे सुधर जायेगा शिक्षा का स्तर: बिधूड़ी

नई दिल्ली।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने राजधानी के स्कूलों में 12 हजार से ज्यादा क्लास रूम बनाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि पंजाब चुनावों से ठीक एक दिन पहले किए गए उद्घाटन से सिर्फ पंजाब की जनता को भ्रमित करने की कोशिश की गई है। केजरीवाल यह बताएं कि पिछले सात सालों में कितने सरकारी स्कूल खोले हैं। इस दौरान एक भी नया स्कूल नहीं खुला, बल्कि दिल्ली सरकार के 16 स्कूल बंद जरूर हो गये हैं।



बिधूड़ी ने कहा कि 12 हजार 540 कमरे बनाते हुए केजरीवाल अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं। स्कूल बिल्डिंगों को दोबारा तोड़कर बनाने से छात्रों का लाभ नहीं होता, बल्कि ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर क्लास रूम बढ़ाए गए हैं तो केजरीवाल यह बताएं कि उन क्लास रूम में पढ़ाने के लिए टीचर कहां हैं। इस वक्त 745 सरकारी स्कूलों में प्रिंसिपल और 418 स्कूलों में वाइस प्रिंसिपल नहीं हैं। शिक्षकों के 24 हजार 500 पद खाली पड़े हुए हैं। 22 हजार गेस्ट टीचर्स में से कई हजार टीचर्स की नौकरी चली गई है और आज तक किसी एक भी गेस्ट टीचर को पक्का नहीं किया गया। इससे शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आई है। दिल्ली के 700 से ज्यादा सरकारी स्कूलों में साइंस की पढ़ाई ही नहीं होती तो वहां से डॉक्टर-इंजीनियर कैसे बन सकते हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या भी लगातार कम हो रही है। 2013 में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 17 लाख 75 हजार छात्र थे, लेकिन 2020 में इनकी संख्या 16 लाख 47 हजार हो गई, जबकि दिल्ली की आबादी में भारी इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की तादाद 13 लाख 57 हजार से बढ़कर 16 लाख 60 हजार से ज्यादा हो गई। आखिर दिल्ली सरकार किस तरह के शिक्षा मॉडल को सफल मान रही है। स्कूलों का पासिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए बच्चों को दसवीं और बारहवीं क्लास से पहले ही रोक लिया जाता है। उदाहरण के लिए केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने से पहले 2013 में सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में दिल्ली से एक लाख 47 हजार बच्चे बैठे थे, लेकिन 2020 में इनकी संख्या एक लाख 9 हजार ही रह गई।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस, वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का औसत तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

आईएमडी ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने दिन के दौरान तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार आया और वह सुबह नौ बजे 'मध्यम' श्रेणी (186) में दर्ज किया गया। पड़ोसी फरीदाबाद में एक्यूआई (218), गाजियाबाद में (225), गुरुग्राम (200), नोएडा (169) और ग्रेटर नोएडा (167) में भी एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया।

उल्लेखनीय है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 और 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 और 200 के बीच 'मध्यम', 201 और 300 के बीच 'खराब', 301 और 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 और 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' माना जाता है।

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## सीमापुरी आईईडी केस: खुफिया विभाग और एनआईए से मदद ले रही पुलिस

नई दिल्ली।

दिल्ली में दो अलग-अलग जगहों से मिले आईईडी के तार आपस में पूरी तरह से जुड़ चुके हैं। गाजीपुर में सीसीटीवी फुटेज में दिखी एक संदिग्ध बाइक सीमापुरी स्थित उस मकान के पास से मिली है, जहां आईईडी मिला था।

इस मामले में स्पेशल सेल खुफिया विभाग और एनआईए से भी मदद ले रही है। सूत्रों की मानें तो इस मामले के तार पाकिस्तान से जुड़ते आ रहे हैं। वहीं लोकल मॉड्यूल से यह आईईडी तैयार करवाया गया था।



जानकारी के अनुसार, बीते 14 जनवरी को गाजीपुर मंडी में आतंकी द्वारा आईईडी ब्लास्ट के लिए रखा गया था। समय रहते इसकी भनक वहां के लोगों को मिली और समय से सूचना मिलने के बाद इस ब्लास्ट की साजिश को नाकामयाब किया गया। इस मामले में 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के दौरान एक संदिग्ध बाइक पुलिस को दिखी थी। वहीं कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य के आधार पर स्पेशल सेल की टीम ने सीमा पुरी के एक मकान में छापा मारा। इस मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे में ताला लगा हुआ था।

इसे तोड़कर जब पुलिस अंदर दाखिल हुई तो देखा कि वहां पर एक अन्य आईईडी को तैयार कर रखा गया है। एनएसजी की मदद से इसे डिफ्यूज किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में सीमापुरी स्थित मकान के बाहर से ही एक बाइक पुलिस को मिली जो आरोपितों की बताई गई है। पुलिस ने पाया कि जिस दिन गाजीपुर में आईईडी मिला था, वहां पर एक सीसीटीवी फुटेज में यह बाइक दिखी थी।

इस बाइक पर सवार होकर दो युवक जाते हुए दिख रहे हैं। पुलिस टीम को यह भी पता चला है कि आरोपितों ने यह दूसरा आईईडी किसी भीड़भाड़ वाली जगह पर लगाने के लिए तैयार किया था। पुलिस ने कुछ महीने पहले ही दिल्ली में आधा दर्जन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था जिनमें से दो पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आए थे। पुलिस का मानना है कि यह लोग उस आतंकी मॉड्यूल से मिले हुए हो सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार उस समय इन छह संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी की वजह से पाकिस्तान में बैठे उनके आका दिल्ली में धमाकों को अंजाम नहीं दे सके थे।

इसकी वजह से एक बार फिर नए मॉड्यूल को खड़ा कर दिल्ली में ब्लास्ट का प्रयास किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस एनआईए और खुफिया विभाग के साथ मिलकर आतंकी नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पुलिस जेल में बंद संदिग्ध आतंकियों से भी जल्द ही पूछताछ कर सकती है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में उनके पास कई अहम साक्ष्य है, जिनकी मदद से वह जल्द ही आतंकियों को गिरफ्तार करने में कामयाब रहेंगे। पुलिस को यह भी पता चला है कि यह आतंकी दिल्ली और यूपी में मूवमेंट कर रहे थे। इस वजह से ही उन्होंने बॉर्डर के पास यह मकान किराए पर लिया था। उन्होंने फर्जी दस्तावेज दिखाकर मकान किराये पर लिया था। फिलहाल पुलिस उनका स्केच तैयार करवाने की कोशिश कर रही है ताकि उनकी पहचान की जा सके।

## दिल्ली के बुराड़ी में मृत मिली महिला

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के बुराड़ी इलाके के एक घर में एक महिला मृत पाई गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान अमन के रूप में हुई है।

अधिकारी के मुताबिक शुक्रवार को रात आठ बजे एक कॉल आई। दिल्ली के बुराड़ी स्थित कौशिक एन्क्लेव में एक लड़की की हत्या करने की बात कही।

अधिकारी ने कहा, मौके पर पहुंचने पर, फोन करने वाली प्रियंका रावत ने बताया कि जब वह शाम को अपने घर पहुंची तो उसे अपने बेडरूम के फर्श पर एक लड़की का शव मिला।

इसके बाद पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया।

दिल्ली पुलिस की एक क्राइम टीम को भी मौके की जांच और सभी सबूत लेने के लिए बुलाया गया था।

पता चला कि हत्या का मुख्य आरोपी महिला का पति था।

एक अधिकारी ने कहा, आरोपी ने महिला को उसके घर छोड़ने के बाद अपने रिश्तेदार से मिलने के लिए बुलाया था।

पुलिस ने आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया है।

# सम्पादकीय

## धर्म गुरुओं की मुलाकातों के सियासी मायने!

कुसुम चोपड़ा

एक कहावत है- बात करने से ही बात बनती है। ऐसा ही कुछ इन दिनों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गजों की पंजाब के दो बड़े डेरा प्रमुखों से मुलाकात को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

हाल ही में डेरा राधा स्वामी ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात और फिर शुक्रवार को डेरा भैणी साहिब के प्रमुख उदय सिंह नामधारी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना, अपने आप में बहुत कुछ कह रहा है।

माना जाता है कि पंजाब की सियासत में धार्मिक डेरे बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इन डेरों के लाखो-करोड़ों की संख्या में अनुयायी हैं। पंजाब के अलावा दूसरे राज्यों में भी डेरे के अनुयायी हैं। डेरा प्रमुख जिस सियासी पार्टी को समर्थन देने का वादा करते हैं, उनके अनुयायी भी उसी पार्टी को अपना वोट देते हैं। लेकिन इस बार किसी भी डेरे ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले। यहां तक कि डेरा सच्चा सौदा ने तो यह तक कह दिया कि डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को लेकर चुप्पी साधने वाले नेताओं को अब हम देखेंगे। हालांकि, चुनाव से ठीक पहले गुरमीत राम रहीम को मिली फरलो के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही डेरा के प्रमुख सियासी समर्थन को लेकर कुछ फैसला लेंगे लेकिन उनकी तरफ से इसपर से पर्दा नहीं उठाया गया।

लेकिन इन दिनों जिन दो बड़े डेरा प्रमुखों ने देश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा के दो दिग्गज नेताओं के साथ मुलाकात की है, उसे लेकर सियासी पंडितों की अपनी-अपनी राय है। हालांकि, डेरा राधा स्वामी ब्यास और डेरा भैणी साहिब की बात करें तो ये दोनों ही आज तक पंजाब में कांग्रेस को ही समर्थन देते आए हैं लेकिन इस बार अंदरूनी कलह के चलते कांग्रेस की जो हालत है, वह किसी से छिपी नहीं है। इसे देखते हुए तो यही लग रहा है कि इन डेरों ने भी अपना पासा पलट लिया है। उधर, भाजपा भी शायद इस बार इसी मौके का फायदा उठाना चाहती है। हालांकि, वह अच्छी तरह से जानती है कि इन मुलाकातों का कुछ खास असर नहीं होने वाला। हां इतना जरूर हो सकता है कि सूबे में कुछ सीटों में इजाफा हो जाए लेकिन जहां तक सत्ता में आने का सवाल है तो वह तो फिलहाल दूर की ही कौड़ी लगती है।

इन दो डेरा प्रमुखों के अलावा शुक्रवार को सिख समुदाय के कुछ बड़े प्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। अब जब पंजाब में वोटिंग शुरू होने में कुछ ही घंटे बचे हैं, ऐसे में इस मुलाकात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस मुलाकात के बाद सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने मोदी सरकार की ओर उनके समुदाय के लिए किये जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री को सिख धर्म की गहरी समझ है, उन्होंने विश्व मंच पर देश और सिख समाज का मान बढ़ाया। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु गोबिन्द सिंह के साहबजादों की शहादत के सम्मान में 26 दिसंबर को %वीर बाल दिवस% मनाने का जो निर्णय किया है, उसे लेकर भी सिख समाज में काफी खुशी का माहौल है। सिख प्रतिनिधियों की यह मुलाकात भी ऐसे में काफी अहम हो जाती है।

इन मुलाकातों के बाद सियासी गलियारों में चर्चा है कि डेरा राधा स्वामी ब्यास और डेरा भैणी साहिब इस बार भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दे सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो अभी तक पंजाब में सत्ता के लिए तरस रही भाजपा के लिए कुछ हद तक चीजें आसान हो सकती हैं।

6 डेरों का पंजाब चुनाव पर पड़ सकता है सीधा असर

पंजाब में यूं तो छोटे-बड़े 980 डेरे हैं, लेकिन इन सबमें 6 ऐसे डेरे हैं, जिनके न सिर्फ लाखों-करोड़ों लोग अनुयायी हैं, बल्कि इनका राजनीतिक रसूख भी काफी बड़ा है। पंजाब में एक चौथाई आबादी किसी न किसी डेरे से ताल्लुक रखती है। इन डेरों में- डेरा सच्चा सौदा, राधा स्वामी सत्संग ब्यास, नूरमहल डेरा (दिव्य ज्योति जागृति संस्थान), संत निरंकारी मिशन, नामधारी संप्रदाय और डेरा सचखंड बल्लां शामिल हैं। ये डेरों का प्रभाव इसी बात से समझा जा सकता है कि चुनाव के दौरान ये डेरे 68 विधानसभा क्षेत्रों में सत्ता में उलट-पलट करने की ताकत रखते हैं। हालांकि, पिछले चुनावों से सबक सीखते हुए इस बार डेरे किसी विशेष पार्टी के पक्ष में खुलकर बोलने से बच रहे हैं।

बात करें प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात करने वाले राधा स्वामी सत्संग ब्यास और भैणी साहिब डेरों की तो डेरा राधा स्वामी सत्संग ब्यास के इस समय करीब 20-25 लाख तो वहीं डेरा भैणी साहिब के भी लगभग 15 लाख अनुयायी हैं। वहीं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रमुख और वर्तमान में भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा भी सिख प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे, जिन्हें लेकर हर कोई इन धार्मिक मुलाकातों के सियासी मायने निकालने में जुटा है। माना जा रहा है कि शनिवार शाम तक डेरे सियासी पार्टियों को समर्थन देने का ऐलान कर सकते हैं, ऐसे में इन धर्मगुरुओं की मुलाकातें अपने आप काफी कुछ बयां कर रही हैं।

# दिल्ली में निगाहें पंजाब पर निशाना

सज्जाद हैदर

राजनीति के क्षेत्र में न ही कोई अस्थाई मित्र होता है न ही कोई स्थाई विरोधी। राजनीति का अध्याय एक ऐसा अध्याय है जिसे थ्योरी के रूप में पूरे तरह से नहीं समझा जा सकता। यदि राजनीति को समझना है तो प्रैक्टिकल की प्रयोगशाला में झाँककर देखना ही होगा। क्योंकि राजनीति का पूरा खेल समीकरण पर ही आधारित होता है। कोई भी सियासी पार्टी किसी से भी सियासी पार्टी से गठबंधन कर सकती है बस उद्देश्य सिद्ध होना चाहिए। यही एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका दृश्य अनवरत दिखाई देता रहता है। कोई भी राजनेता किसी भी मंच से उछलकर दूसरी पार्टी के मंच पर कूद पड़ता है। बस नेता का अपना जनाधार होना चाहिए। मजे की बात तो यह है कि वही नेता जब दूसरे दल में रहता है तो उसपर अनगिनत आरोप लगाए जाते हैं। और जैसी ही वह अपना पाला बदल लेता है तो उसके सारे पाप धुल जाते हैं। अजब दृश्य है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री के बीच जुबानी जंग शुरू है। चरणजीत चन्नी ने कहा अरविंद केजरीवाल झूठे हैं मेरे खिलाफ उन्होंने कई आरोप लगाने की कोशिश की लेकिन एक भी आरोप सच नहीं थे उन्होंने राज्यपाल से भी मेरे खिलाफ शिकायत की जिसके बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के आरोप में रोपड़ जिला प्रशासन और पुलिस ने कांग्रेस के मुख्यमंत्री उम्मीदवार चन्नी को क्लीन चिट दे दी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले चन्नी ने केजरीवाल और आप नेताओं की तुलना ब्रिटिश शासन से करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब को लूटने आई है चन्नी ने कहा अंग्रेज भारत को लूटने आए थे वैसे ही केजरीवाल और उनका दिल्ली परिवार जैसे राघव चड्ढा और अन्य बाहरी लोग पंजाब को लूटने आए हैं लेकिन पंजाब उन्हें उनकी जगह दिखाएगा जैसे उसने अंग्रेजों को दिखाई थी। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पर अवैध रेत खनन को लेकर निशाना साधते हुए कहा था कि उनसे पंजाब के बेहतर भविष्य की उम्मीद कैसे की जा सकती है। सियासत का वाजिब समय है तो राजनीति होनी ही है। बयानबाजी तो होनी ही है। लेकिन जनता का फैसला क्या होता है यह देखने की बात होगी।

पंजाब के चुनाव में मौजूदा सरकार जहाँ अपनी जमीन बचाने की कोशिश में लगी हुई है वहीं भाजपा अपने सियासी समीकरण को बहुत ही तेजी के साथ साधने में लगी हुई है इसका एक रूप दिल्ली में दिखाई दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर सिख समुदाय के कई प्रमुख लोगों की मेजबानी की और उनकी सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए गए कार्यों को रेखांकित किया। राजनीति के जानकारों का मानना है कि पंजाब के विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को और अधिक मजबूत करने की जुगत में यह मुलाकात हुई है। भारतीय जनता पार्टी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस तथा अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींढसा धड़े के साथ गठबंधन करने के साथ ही सिख समुदाय को लुभाने में जी जान से जुटी है। बात तो यहाँ तक आ गई कि हम हर दिन समुदाय के लिए काम करना चाहते हैं पर



अफसोस है कि पिछली सरकारों ने करतारपुर साहिब जैसे सिखों के पवित्र स्थलों को भारतीय क्षेत्र में लाने के मौके गंवा दिए। सियासी खींचतान यहीं तक नहीं रूकी वह 1947 तक पहुँच गई। धार्मिक पवित्र करतारपुर साहिब को भारत में होने की बात तक सामने लाई गई। चूँकि चुनाव है तो राजनेताओं के द्वारा अपने-अपने समीकरणों को बखूबी मजबूत किया जाना स्वाभाविक है। यदि सियासी बयानों के पन्नों को पलटकर देखते हैं तो पूर्व में कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए पहले ही सिद्ध कर दिया था। आने वाले समय में ऊँट किस करवट बैठेगा। कैप्टन ने प्रधानमंत्री मोदी के फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने पुनः साबित कर दिया है कि वह जनता की राय पर ध्यान देते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के बारे में बताया। यह किसी शर्त के साथ या चरणबद्ध वापसी नहीं थी प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ निर्णय लिया है। यह फैसला जीत या हार के किसी राजनीतिक सोच-विचार के बिना यह फैसला लिया गया।

बता दें कि पंजाब चुनाव में भाजपा के गठबंधन में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढींडसा के शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) का नाम शामिल है इससे पहले पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नवगठित पंजाब लोक कांग्रेस के नेता अमरिंदर सिंह और राज्यसभा सदस्य ढींडसा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इनकी मुलाकात शाह के घर पर हुई थी जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बड़े नेता शामिल थे। इस बैठक में फैसला किया गया कि भाजपा कैप्टन की पार्टी और ढींडसा की पार्टी पंजाब में मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

पंजाब में प्रधानमंत्री मोदी ने जालंधर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को आड़े हाथों लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत माँगने पर निशाना साधा वहीं दिल्ली में आम आदमी पार्टी पर गली-गली शराब की दुकानें खुलवाने का आरोप लगाया युवा पीढ़ियों को शराब की लत से छुटकारा दिलाने के लिए उन्होंने पंजाब में डबल इंजन की एनडीए सरकार के लिए वोट माँगा। ज्ञात हो कि पंजाब में नशा सबसे मुख्य मुद्दा है इसलिए भाजपा मौके न गंवाते हुए भरपूर निशाना साधते हुए दिल्ली की शराब की दुकान का प्रचार पंजाब के चुनाव में बखूबी किया। जिससे कि पंजाब में आप के विरोध में भाजपा का मजबूत महौल बन सके। बीजेपी इस चुनाव में 65 सीटों पर चुनाव लड़ रही है वहीं 37 सीटों पर कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं और 15 सीटों पर ढींढसा की पार्टी के उम्मीदवार अपनी किस्मत आज़मा रहे हैं। पंजाब की राजनीति को बेहद करीब से जानने वाले कहते हैं कि 1996 में शिरोमणि अकाली दल ने अटल बिहारी वाजपेयी की 13 दिन की सरकार का बिना शर्त समर्थन दिया था उसी समर्थन के बाद पहली बार 1997 में पंजाब में बीजेपी और अकाली दल का गठबंधन बना जो 23 साल बाद 2020 में जाकर टूटा। लेकिन एक खास बात यह है कि पंजाब की धरती पर अकाली दल के साथ बीजेपी हमेशा छोटे भाई की भूमिका में रही है परन्तु इस बार कैप्टन अमरिंदर सिंह की पार्टी के साथ गठबंधन में बीजेपी इस बार बड़े भाई की भूमिका में है छोटे भाई की भूमिका में कभी बीजेपी को पंजाब में अपने पैर को मजबूत करने का मौका नहीं मिला। जानकारों की माने तो जिन सीटों से भाजपा अकाली दल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ती थी वहाँ अकाली दल का वोट बीजेपी को ट्रांसफर होता था लेकिन कैप्टन अमरिंदर सिंह के गठबंधन में भी क्या ऐसा हो पाएगा यह देखना अभी बाकी है।

प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषणों में देशभक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा और पंजाब में विकास की बात करते हैं। ये तीनों बातें इसलिए अहम हैं क्योंकि पंजाब की सत्ता में बीजेपी जब भी रही छोटे भाई की भूमिका में रही उन्हें सीधे तौर पर कानून व्यवस्था जमीनी विकास अथवा किसानो की स्थिति जैसे मुद्दों पर घेरा नहीं जा सकता। निश्चित है कि भाजपा को इसका लाभ मिलना स्वाभाविक है।

लेकिन किसान आंदोलन की नाराजगी से भाजपा कैसे निपटेगी यह देखने वाली बात है। अगर भाजपा किसान आंदोलन की नाराजगी को पाट देती है तो निश्चित ही परिणाम कुछ अलग ही दिखाई देंगे।

अगर बात कैप्टन की करें तो कैप्टन एक बड़ा चेहरा है। यह अलग बात है कि पार्टी नई है पर चेहरा किसी पहचान का मोहताज नहीं है। अब देखना यह दिलचस्प है कि कैप्टन अपने चेहरे पर कितना वोट अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। वोट आकर्षित करने की बात इसलिए कि कैप्टन जो भी वोट आकर्षित खींचेंगे वह वोट सीधे-सीधे कांग्रेस का ही होगा। जिससे कांग्रेस को नुकसान होना स्वाभाविक हैं। अगर कैप्टन अपने चेहरे पर कांग्रेस का वोट काट लेते हैं तो परिणाम पूरी तरह से अलग होंगे। साथ ही अगर कैप्टन अपने मतों को भाजपा की ओर ट्रान्सफर कर पाते हैं तो दृश्य पूरी तरह से बदलना स्वाभाविक है। इस सियासी खींचतान में कांग्रेस और कैप्टन की जुगलबंदी ही हार जीत के भविष्य की बड़ी पटकथा लिखेगी। अगर कांग्रेस अपना वोट बिखरने से रोक लेती है तो कैप्टन का सीमित होना स्वाभाविक है। अगर कांग्रेस अपना वोट बैंक बिखरने से नहीं रोक पाती तो कैप्टन का मजबूत होना भी स्वाभाविक है। अगर कैप्टन इस चुनाव में मजबूत हो पाते हैं तो पंजाब की राजनीति का रूप रंग बदलना निश्चित है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि आने परिणाम किस रूप में उभरकर सामने आते हैं।

# विकास की राजनीति के नायक योगी आदित्यनाथ

डॉ. सौरभ मालवीय



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव चल रहा है। राजनीति की दृष्टि से देश के सबसे महत्त्वपूर्ण राज्य के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी विचारधारा और मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में हैं। कहीं जातिवाद हावी है] तो कहीं पिछड़ेपन की बात की जा रही है। परन्तु भारतीय जनता पार्टी योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में किए गये विकास कार्यों को लेकर चुनाव लड़ रही है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के निवासियों के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास के लिए हर संभव प्रयास किया। योगी श्री आदित्य नाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राज्य की जनता की सेवा के लिए विकास कार्यों को अपना मंत्र बनाया। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई।

प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आरम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई। राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रारम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश बेरोजगारी भत्ता नामक योजना आरम्भ की गई। योगी सरकार चाहती है कि राज्य के सभी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त हो। इसलिए सरकार ने श्रमिक पंजीकरण योजना प्रारम्भ की है।

श्रमिकों के भरण पोषण के लिए राज्य में श्रमिक भरण पोषण योजना आरम्भ की गई है] जिसमें श्रमिकों को धन एवं अन्न दोनों ही उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना काल में दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों को वापस लाने के लिए उत्तर प्रदेश प्रवासी मजदूर घर वापसी पंजीकरण योजना आरम्भ की गई। इसके साथ ही राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए परम्परागत खेती विकास योजना चलाई जा रही है। खेतों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश निःशुल्क बोरिंग योजना तथा उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना संचालित की जा रही है। इनके अतिरिक्त बीज ग्राम योजना के अंतर्गत किसानों को धान एवं गेहूं के बीज पर विशेष अनुदान दिया जा रहा है।

पारदर्शी किसान सेवा योजना के अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को समुचित उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। किसानों को ऋण के बोझ से मुक्त करने के लिए किसान ऋण मोचन योजना प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। राज्य में अनाथ बच्चों को आसरा देने के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रारम्भ की गई। महिला सशक्तिकरण के लिए भी सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत निर्धन परिवारों की पुत्रियों को शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश भाग्यलक्ष्मी योजना के अंतर्गत पुत्री की शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

इसके अतिरिक्त लोगों को घर बैठे बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बैंकिंग संवाददाता सखी योजना प्रारम्भ की गई है। इससे जहां लोगों को घर पर बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं] वहीं महिलाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य में अनेक पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं] जिनमें उत्तर प्रदेश पेंशन योजना] विधवा पेंशन योजना तथा उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन पेंशन योजना सम्मिलित हैं। सरकार लड़कियों और दिव्यांगों के विवाह के लिए अनुदान प्रदान कर रही है। उत्तर प्रदेश विवाह अनुदान योजना के अंतर्गत लड़कियों के विवाह के लिए सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है।

दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के विवाह लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रही है। राज्य में विद्यालयों] महाविद्यालयों एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रों एवं उनके नये भवनों की स्थापना की जा रही है। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण किय जा रहा है। उत्तर प्रदेश छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। सरकार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर है। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सेफ सिटी योजना प्रारम्भ की गई है। विद्युत क्षेत्र में भी योगी सरकार उत्कृष्ट कार्य किया है। परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर प्रकाश फैला है। परिवहन के क्षेत्र में भी सरकार ने सराहनीय कार्य किए हैं। राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी बहुत उन्नति की है। कोविड महामारी से गांवों को सुरक्षित रखने के लिए योगी सरकार द्वारा अपनाई गई नीति को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहा है।

सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य जारी है। योगी सरकार राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। राज्य धर्म] संस्कृति एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है। योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि पिछले साढ़े चार वर्षों मंय राज्य में रोजगार के अवसर तीव्रगति से बढ़े हैं। स्टार्टअप नीति के अंतर्गत पांच लाख युवाओं को रोजगार मिला है] जबकि मनरेगा के माध्यम से डेढ़ करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार 10 लाख स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से एक करोड़ महिलाओं को रोजगार मिला है। इतना ही नहीं साढ़े चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई] जबकि साढ़े तीन लाख युवाओं की संविदा पर नियुक्ति हुई है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम को 2-16 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। योगी आदित्यनाथ का दावा है कि जनता उनके विकास कार्यों के आधार पर भाजपा को पुनः सत्ता सौंपेगी।

# गैर बराबरी को गायब मानता बजट

भारत डोगरा

इस वर्ष का केन्द्रीय बजट ऐसे समय में आया है जब निर्धन वर्ग गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। एक बड़े आंदोलन के बाद किसान भी सोच रहे थे कि यह बजट उनकी समस्याओं के बेहतर समाधान पर अधिक ध्यान देगा, पर इन उम्मीदों पर यह बजट खरा नहीं उतरा है। टिकाऊ व प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिबद्ध अनेक किसान संगठनों व संस्थानों से जुड़े 'आशा किसान स्वराज ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि पिछले वर्ष भी कृषि व उससे जुड़े मुद्दों से संबंधित आवंटन कम था, पर इस वर्ष उसमें और भी कमी हुई है।

यह क्षेत्र लगभग 16000 करोड़ रुपयों से वंचित हुआ है। यदि कुल बजट के प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो कृषि व उससे जुड़े कार्यों का आवंटन पहले 3.87 प्रतिशत था जो अब 3.51 प्रतिशत हो गया है। अपनी प्रतिक्रिया में 'आशा किसान स्वराज ने कहा कि वर्ष 2022 में तो किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा था, पर इस वर्ष के बजट भाषण में यह मुद्दा उठाया तक नहीं गया। इस बारे में आंकड़े प्रस्तुत करते हुए संगठन ने बताया है कि इस लक्ष्य से तो अभी किसान बहुत दूर हैं। विभिन्न सरकारी प्रयासों से लाभान्वित होने वाले किसानों व लाभ की मात्रा में कमी आई है। 'आशा किसान स्वराज ने बताया है कि कृषि विकास की कुछ महत्त्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों में कटौतियां हुई हैं। उदाहरण के लिए 'किसान उत्पादन संगठन या एफपीओ के लिए वर्ष 2021-22 में 700 करोड़ रुपए का आवंटन हुआ था, जिसे संशोधित अनुमान में काटकर 250 करोड़ रुपए कर दिया गया है। कुछ अन्य कृषि विकास कार्यक्रमों के बजट में भी कटौती हुई है। यह कोई सामान्य समय नहीं है और ऐसे में बहुत जरूरी था कि सरकार गरीबी व बेरोजगारी को कम करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करती। संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 की विकट स्थितियों में विश्व



में जितने नए लोग गरीबी की चपेट में आए, उनमें से लगभग आधे, करीब 4 करोड़ से अधिक भारत में थे।

दूसरी ओर 'प्राईज संस्थान मुम्बई के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2015-16 और 2020-21 के बाद भारत के सबसे निर्धन 20 प्रतिशत परिवारों की आय में 53 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि इससे पहले के दशक में वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान उन्होंने उल्लेखनीय आय वृद्धि दर्ज की थी। वर्ष 2021 के उपभोक्ता आंकड़ों के विश्लेषण से 'सेंटर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकॉनॉमी ने बताया है कि लगभग 84 प्रतिशत भारतीयों की स्थिति में कुछ न कुछ गिरावट हुई है। इस तरह की गिरावट की स्थिति ने अधिकांश भारतीयों को अपनी चपेट में लिया है। इसी सेंटर के एक अन्य विश्लेषण में बताया गया है कि 20-24 वर्ष आयु वर्ग के स्नातकों में बेरोजगारी 60 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि 20-29 आयु वर्ग में यह 43 प्रतिशत तक पहुंच गई है। निश्चय ही यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। आज यह विश्व स्तर पर चर्चा का विषय है कि जनसाधारण, विशेषकर निर्धन वर्ग की बढ़ती कठिनाइयों के दौर में विषमताएं तेजी से बढ़ी हैं। 'प्राईज के सर्वेक्षण के अनुसार जहां नीचे के 20 प्रतिशत परिवारों की आय वर्ष 2015-16 व वर्ष 2020-21 के बीच 53 प्रतिशत कम हुई, वहां ऊपर के 20 प्रतिशत परिवारों की आय ने 39 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। आक्सफैम विषमता रिपोर्ट ने बताया है कि विशेषकर भारत के अरबपतियों की संपत्ति व आय में हाल के समय में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है।

सबसे धनी 98 अरबपतियों के पास जो संपत्ति है, वह देश के 55 करोड़ लोगों (नीचे की 40 प्रतिशत जनसंख्या) के बराबर है। इस स्थिति में यह स्पष्ट है कि बड़ी समतावादी पहल की जरूरत बहुत बढ़ गई है। इस संदर्भ में बजट की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। बजट को चाहिए कि वह समतावादी सोच को आगे बढ़ाए, अरबपतियों व अति धनी वर्ग पर समुचित टैक्स लगाकर उनसे पर्याप्त संसाधन जुटाए व इन्हें निर्धन वर्ग को उपलब्ध करवाए। इससे निर्धन परिवारों को बहुत राहत तो मिलेगी ही, साथ ही अर्थव्यवस्था भी समतामूलक रिकवरी के दौर में आएगी। जब अति धनी व्यक्तियों की आय वृद्धि होती है, तो उसका अर्थव्यवस्था पर कोई सकारात्मक असर नहीं होता, जबकि यदि निर्धन परिवारों की आय वृद्धि होती है तो इससे अर्थव्यवस्था पर गुणात्मक या मल्टीप्लायर असर होता है। यानी निर्धन वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति से कई स्तरों पर अर्थव्यवस्था में सक्रियता आती है व समतामूलक वृद्धि होती है। इस स्थिति में प्रस्तुत होने वाले बजट के लिए यह बहुत जरूरी था कि वह एक साधारण बजट की तरह न होकर निर्धन व जरूरतमंद को विशेष और बड़ी राहत देने वाला बजट सिद्ध हो। दुर्भाग्यवश वर्ष 2022-23 के बजट में निर्धन परिवारों को राहत देने के लिए, तेजी से बढ़ती विषमताओं को कम करने के लिए व समता लाने के लिए कोई बड़ी पहल नहीं हुई। निश्चय ही सरकार की गरीबी को कम करने की अनेक योजनाएं हैं, कार्यक्रम हैं, वे पहले की तरह चल रहे हैं (प्रायः लक्ष्यों से पीछे चल रहे हैं), पर आज की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए जो निर्धन पक्ष के लिए एक बड़ी पहल की जरूरत थी, वह कहीं नजर नहीं आती।

इस तरह निर्धन परिवारों को बड़ी राहत देने का, विषमता कम करने का जो बड़ा अवसर सरकार के पास था, उसे सरकार ने गंवा दिया है। बजट भाषण में हमने सुना है कि तराशे हुए हीरे-मोती पर कस्टम कम कर दिया गया है, नदी जोड़ योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, एक्सप्रेसवे व हाईवे को प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन इस समय यह सब देश की सबसे बड़ी जरूरतों के अनुकूल नहीं है। इस समय तो जरूरत इस बात की है कि निर्धन व जरूरतमंद वर्ग को सीधे-सीधे राहत मिले, उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक पैसा उनके हाथ में आए और देश की अर्थव्यवस्था की समतामूलक रिकवरी का मार्ग प्रशस्त हो। सवाल यह है कि बजट ने तो जरूरतमंदों को वह राहत नहीं दी जिसका उन्हें इंतजार था, पर आगे क्या निर्धन जरूरतमंदों के लिए बड़ी पहल की जा सकती है। कम से कम सरकार को यह खुली सोच रखनी चाहिए कि मनरेगा जैसे कार्यक्रमों में यदि रोजगार के लिए अधिक मांग उत्पन्न होती है तो वह आवंटन में महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए तैयार रहे। ध्यान देने योग्य बात यह है कि पहले ही मनरेगा में बकाया मजदूरी का भुगतान बाकी है व इसके तुरंत भुगतान में सरकार को जरा भी देरी नहीं करनी चाहिए। शहरी निर्धन परिवारों की बढ़ती हुई समस्याओं को देखते हुए उनके लिए भी एक रोजगार गारंटी योजना का प्रस्ताव अनेक मंचों से उठा है। निर्माण मजदूरों के कल्याणकारी कानूनों के बारे में कोडीफिकेशन की प्रक्रिया में अनिश्चय की स्थिति उत्पन्न हुई है। ऐसे में शहरी निर्धन वर्ग के लिए भी बहुत राहत और बड़ी पहल की जरूरत है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## सार समाचार

### 'हिजाब इस्लामी धार्मिक प्रथा का आवश्यक अंग नहीं', कर्नाटक सरकार ने दी कोर्ट में दलील

बेंगलुरु। कुछ समय पहले ही योगी आदित्यनाथ ने अपने एक बयान में कहा था कि कोई भी मुस्लिम महिला अपनी इच्छा से हिजाब नहीं पहनती है। इस पर कई विपक्षी नेताओं ने सवाल भी किया था। हिजाब विवाद पर सियासत तेज है कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि हिजाब इस्लाम की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और इसके उपयोग को रोकना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं है, जो धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है। महाधिवक्ता प्रभुलिंग नवदगी ने कहा कि सरकार ने एक स्टैंड लिया है कि हिजाब पहनना इस्लाम के तहत एक आवश्यक प्रथा नहीं है। एडवोकेट नवदगी ने कहा, श्मेरा पहला निवेदन यह है कि आदेश शिक्षा अधिनियम के अनुरूप है। दूसरा अधिक ठोस तर्क है कि हिजाब एक अनिवार्य हिस्सा है। हमने यह स्टैंड लिया है कि हिजाब पहनना आवश्यक धार्मिक अभ्यास के अंतर्गत नहीं आता है। इस्लाम का। तीसरा यह है कि हिजाब पहनने के अधिकार का पता अनुच्छेद 19 (1) (ए) से लगाया जा सकता है। प्रस्तुत है कि यह ऐसा नहीं करता है।

**नहीं थम रहा हिजाब पर विवाद**

कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के सामने कहा कि हिजाब इस्लाम की आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है और इसका इस्तेमाल रोकने पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन नहीं होता। गौरतलब है कि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

**कोर्ट में जारी है हिजाब मामले पर सुनवायी**

र्नाटक के महाधिवक्ता (एजी) प्रभुलिंग नवदगी ने न्यायमूर्ति ऋतुराज अवस्थी, न्यायमूर्ति जे. एम. काजी और न्यायमूर्ति कृष्ण एम दीक्षित की पीठ से कहा, हमने यह रुख अपनाया है कि हिजाब पहनना इस्लाम का आवश्यक धार्मिक अंग नहीं है कुछ मुस्लिम लड़कियों ने आरोप लगाया था कि कर्नाटक सरकार द्वारा हिजाब या भगवा स्कार्फ पहनने पर रोक लगाने के पांच फरवरी केआदेश से संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन होता है। महाधिवक्ता ने इस आरोप का भी खंडन किया।

**क्या हिजाब पर पाबंदी करती है मौलिक अधिकार का हनन?**

अनुच्छेद 25 भारत के नागरिकों को अंत:करण की और धर्म की अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है। नवदगी ने दलील दी कि सरकार के आदेश से संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) का उल्लंघन नहीं होता। यह अनुच्छेद भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि राज्य सरकार का पांच फरवरी का आदेश कानून सम्मत है और उसमें आपत्ति करने जैसी कोई चीज नहीं है।

### लालू के समर्थन में कांग्रेस, प्रियंका बोलीं- भाजपा के सामने नहीं झुकने के चलते उन पर हो रहा हमला

नई दिल्ली । भले ही हाल के दिनों में बिहार विधान परिषद के चुनाव को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच तनातनी देखने को मिली। लेकिन कांग्रेस आलाकमान और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रिश्ते अभी भी अच्छे हैं। हाल में ही लालू प्रसाद यादव को एक चारा घोटाला मामले में दोषी करार दिया गया है। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने का निर्देश दिया था। लालू प्रसाद यादव के सजा पर सुनवाई 21 फरवरी को होगी। इन सबके बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लालू के समर्थन में एक ट्वीट किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की राजनीति के सामने नहीं झुकने के कारण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर हमला किया जा रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस महासचिव ने उम्मीद जताई कि लालू प्रसाद को न्याय मिलेगा। अपने ट्वीट में प्रियंका ने लिखा कि भाजपा की राजनीति का ये अहम पहलू है कि जो भी उनके सामने झुकता नहीं है, उसको हर तरह से प्रताड़ित किया जाता है। लालू प्रसाद यादव जी पर इसी राजनीति के चलते हमला किया जा रहा है। मुझे आशा है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। आपको बता दें कि सीबीआई की विशेष अदालत ने सुबह डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले आरसी 47ए/96 में लालू प्रसाद यादव समेत 41 आरोपियों को मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए जेल भेजने का निर्देश दिया था तथा इनकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अब 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है।

### उप्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया, सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध जारी 274 भरपाई नोटिस लिए गए वापस

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने सार्वजनिक और निजी संपत्ति को हुई क्षति के लिए 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध शुरू की गई कार्रवाई और 274 रिकवरी नोटिस वापस ले ली है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकान्त की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार करोड़ों रुपये की पूरी राशि वापस करेगी जो 2019 शुरू की गई कार्रवाई के तहत कथित प्रदर्शनकारियों से वसूली गई थी। बहरहाल, न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को नए कानून के तहत कथित सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की स्वतंत्रता प्रदान की। सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति नष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार भरपाई कानून को 31 अगस्त 2020 को अधिसूचित किया गया था। पीठ ने अतिरिक्त एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि प्रदर्शनकारियों और राज्य सरकार को निधि निर्देशित करने की बजाय दावा अधिकरण का रुख करना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2019 में कथित सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों को जारी भरपाई नोटिस पर कार्रवाई की थी जिसके लिए शीर्ष अदालत ने 11 फरवरी को सरकार को फटकार लगाई थी। इसके साथ ही न्यायालय ने सरकार को अंतिम अवसर दिया था कि वह कार्रवाई वापस ले हुए चेतावनी दी थी कि उसकी यह कार्रवाई कानून के खिलाफ है इसलिए अदालत इसे निरस्त कर देगी। न्यायालय ने कहा था कि दिसंबर 2019 में शुरू की गई कार्रवाई उस कानून के विरुद्ध है जिसकी व्याख्या उच्चतम न्यायालय ने की है। न्यायालय परवेज आरिफ टीटू की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में अनुरोध किया गया था कि कथित प्रदर्शनकारियों को भेजे गए नोटिस रद्द किये जाएं।

### श्रीनगर में सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमला, 2 दुकानें हुईं क्षतिग्रस्त, पुलिसकर्मी जख्मी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में शुक्रवार को आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर ग्रेनेड हमला किया। इस हमले में एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गया। मामला श्रीनगर के ख्वाजा बाजार इलाके का है। हमले के तुरंत बाद ही सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, श्रीनगर के ख्वाजा बाजार नौहट्टा इलाके में आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड फेंका। इस घटना में दो दुकानों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेनेड से हुए विस्फोट में एक सुरक्षाकर्मी जख्मी हो गया और उसे मामलू चोटें आई हैं।

# मरम्मत के लिये भेजे गये बुलडोजर 10 मार्च के बाद फिर काम शुरू करेंगे: योगी आदित्यनाथ

**मैनपुरी। (एजेंसी)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए शुक्रवार को कहा कि चुनाव के दौरान राज्य के सभी बुलडोजर मरम्मत के लिये भेजे गए हैं, लेकिन बुलडोजर 10 मार्च (मतगणना की तारीख) के बाद अपना काम फिर से शुरू करेंगे। मैनपुरी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने यह बात कही। मैनपुरी में तीसरे चरण में 20 फरवरी को मतदान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक अपराधियों के मन में डर नहीं होगा तब तक व्यवस्था को सही तरीके से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कहा कि पेशेवर दंगाइयों और अपराधियों के लिये संदेश स्पष्ट है कि यदि वह अपराध करते हैं, तो उन्हें अंजाम भुगतना होगा।

उन्होंने कहा कि अपराध और भ्रष्टाचार को जरा सा भी बर्दाश्त नहीं करने कारण राज्य में कर्फ्यू नहीं लगा है, न ही कोई बम फेंकने की घटना हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कावड़ यात्रा निकाली जाती है और हर-हर, बम-बम के नारे लगते सुने जा सकते हैं। सपा पर अपना हमला तेज करते हुए योगी ने कहा, सपा सरकार 2012 में सत्ता में आई तो उसने पहला काम आतंकवादियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का किया था। उनकी (सपा) संवेदनशीलता उन आतंकवादियों के साथ थी जिन्होंने अयोध्या, वाराणसी के संकटमोचन मंदिर, लखनऊ अदालत और रामपुर में आतंकी हमले किए थे उन्होंने कहा कि उप्र में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद (2017 में) हमने प्रदेश के 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। यह भी बताया कि उन इलाकों में ट्यूबवेल कनेक्शन दिए, जिन्हें सपा और बसपा सरकारों ने डार्क जोन घोषित किया था। योगी ने कहा कि 10 मार्च के बाद टैबलेट और स्मार्टफोन प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या दो करोड़ हो जाएगी। उन्होंने करहल में पार्टी उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।



योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने चार मौकों पर राज्य में सरकार बनाई थी पर उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन अयोध्या में भगवान राम के भक्तों पर गोलियां चलाईं। करहल में बघेल का मुकाबला सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से है।

## दिल्ली को दहलाने की साजिश रच रहे थे 4 लड़के ! स्पेशल सेल ने फरार लड़कों को तलाशने के लिए झोंकी पूरी ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गाजीपुर मंडी के बाद सीमापुर इलाके में इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) मिलने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। सूत्रों ने बताया कि गाजीपुर मंडी और सीमापुरी मामले में एक ही ग्रुप का हाथ है। दोनों ही जगहों पर एक ही तरह की विस्फोटक सामग्री मिली, जिसमें आरडीएक्स का इस्तेमाल हुआ है। आपको बता दें कि दिल्ली पुलिस ने गुरुवार की दोपहर सीमापुर इलाके से 3 किलो आईईडी बरामद हुआ था, जिसे दिलशाद गार्डन के डिस्ट्रिक्ट पार्क में डिस्पोज ऑफ यानी नष्ट किया गया।

**स्लीपर सेल की तलाश में जुटी एजेंसियां**

एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने संदिग्ध बैग में आईईडी होने की पुष्टि की थी। जिसके बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। एक स्थानीय निवासी ने बताया, जिस इलाके से विस्फोटक मिला है वहां रहने वालों को निकाल लिया गया है। पुलिस ने हमें बताया कि उन्हें उस घर में रहने वाले किराएदारों के बारे में पता चला है जो अब फरार हैं।

आपको बता दें कि आईईडी को नष्ट करने के बाद दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल समेत सभी



सुरक्षा एजेंसियां 4 संदिग्ध स्लीपर सेल की तलाश में जुट गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इन्हीं लोगों ने गाजीपुर में आरडीएक्स प्लांट किया था।

जनवरी में पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी से एक लावारिस बैग से आईईडी मिली थी जिसमें आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट भरा था। इसे बाद में नष्ट कर दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि गाजीपुर मामले की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कर रही है। सूत्र ने बताया कि स्पेशल सेल की टीम ने कुछ संदिग्ध कॉल इंटरसेप्ट किए थे और टेक्निकल सर्विलांस के जरिए से टीम गुरुवार को सीमापुर पहुंची थी।

सीमापुरी में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक मकान की दूसरी मंजिल में एक संदिग्ध बैग मिला। जिसके बाद स्पेशल सेल ने बम निरोधक दस्ते और एनएसजी को बुलाया।

शुरूआती जांच में पता चला कि दो लड़कों को घर किराये पर दिया गया था। लेकिन मकान में 4 लड़के रहते थे और सभी लड़के फरार चल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि स्पेशल सेल इन लड़कों की पहचान के लिए आस-पास के इलाकों के सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है और इन्हीं लड़कों ने गाजीपुर में बैग रखा था। स्पेशल सेल को आशंका है कि चारों संदिग्ध लड़के अभी आस पास ही होंगे। ऐसे में उन्होंने उन्हें खोजने की बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी किया है और कॉल रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

## केजरीवाल ने खुद को बताया भगत सिंह का चेला तो भड़के गंभीर, कहा- शर्म भी शर्मिंदा हो जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार जारी है। पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। इन सब के बीच आज एक ट्वीट के जरिए अरविंद केजरीवाल ने खुद को भगत सिंह का चेला बताया। हालांकि अरविंद केजरीवाल के इस ट्वीट के बाद सियासी पारा बढ़ गया है। पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया है। गंभीर ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि केजरीवाल सिर्फ सत्ता के लिए भगत सिंह के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने अपने ट्वीट में लिखा था कि ये सारे भ्रष्टाचारी मुझे आतंकवादी बोल रहे हैं मैं दुनिया का पहला आतंकवादी हूँ जो लोगों के लिए स्कूल बनवाता है, अस्पताल बनवाता है, बिजली ठीक करता है। दुनिया का मैं पहला स्वीट आतंकवादी हूँ। अंग्रेज भगत सिंह से खौफ खाते थे। इसलिए उन्हें आतंकवादी बोलते थे। मैं भगत सिंह का चेला हूँ।

अरविंद केजरीवाल के इस ट्वीट के जवाब में गौतम गंभीर ने लिखा कि भगत सिंह ने अपने जिस्म के टुकड़े करवा लिए, लेकिन अपने मुल्क के टुकड़े नहीं होने दिए! सत्ता के लिए उनके नाम का सहारा लेना शर्म को भी शर्मिंदा करना है! दरअसल आम आदमी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसी को लेकर अरविंद केजरीवाल की ओर से शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी किया गया। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी से डरकर सभी नेता एकजुट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी सभी कह रहे हैं कि पिछले 10 साल से केजरीवाल देश के 2 टुकड़े करने की योजना बना रहा है।

## बीजेपी के केंद्रीय मंत्री का विवादित बयान, सड़क की तुलना बीजेपी सांसद हेमा मालिनी के गालों से की

**भोपाल। (एजेंसी)**

मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले से केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का एक विवादित बयान सामने आया है। जिसमें मंत्री सड़क की तुलना बीजेपी सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी के गालों से की है। उन्होंने कहा कि 'हेमा मालिनी के गाल जैसी सड़क बन गई है। लेकिन ठेकेदारों द्वारा पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। दरअसल शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे कहते हुए नजर आ रहे हैं कि अमरपुर की सड़क हेमा मालिनी के गालों जैसी बनाई गई है लेकिन अब तक पानी की व्यवस्था नहीं की गई। वहीं केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने इसके साथ ही कलेक्टर रत्नाकर झा को निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन को छति न पहुंचे इसका खास ध्यान रखा जाए। जानकारी के अनुसार समनापुर में जल जीवन मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने मंत्री पहुंचे थे। वहीं इस वीडियो को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया है कांग्रेस के महामंत्री केके मिश्रा ने बयान देते हुए यह कहा कि क्या केंद्रीय मंत्री जी का आचरण महिला अस्मिता पर सवाल नही है। क्या राष्ट्रीय महिला आयोग संज्ञान और बीजेपी की महिला मौर्चा इसपर संज्ञान लेगा। उन्होंने ये भी सवाल खड़ा किया कि यदि कोई कांग्रेसी के मुंह से बात निकलती तब ये बीजेपी संगठन क्या करते?



## 'आप' पार्षद को उड़कने रंगे हाथ किया गिरफ्तार, मूंगफली व्यापारी के जरिए लेती थी घूस

**नई दिल्ली (एजेंसी)**

एक ओर जहां आम आदमी पार्टी पंजाब विधानसभा चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक रही है तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली में उसकी मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की एक पार्षद को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया के पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र स्थित विनोद नगर वार्ड से पार्षद गीता रावत को सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने रंगे हाथों पकड़ा है। बताया जा रहा है कि गीता रावत ने दिल्ली में सरकारी काम करने के लिए रिश्वत की डिमांड की थी। न्यूज एजेंसी एएनआई के एक ट्वीट के मुताबिक एजेंसी का कहना है कि सीबीआई ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम की पार्षद गीता रावत और एक 'निजी व्यक्ति' को एक व्यक्ति से 20,000 रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है।




पूर्वी दिल्ली के वार्ड नंबर 217/10ए की वेस्ट विनोद नगर की पार्षद गीता रावत के खिलाफ सीबीआई ने शुक्रवार को दोपहर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि एक मूंगफली व्यापारी के जरिए गीता रावत के पास रिश्वत की कमाई जाती थी। जानकारी के मुताबिक मूंगफली वाले सनाउल्लाह के पिता को जब इस बात की जानकारी हुई कि उसके बेटे को किसी ने पकड़ लिया है तो वह दौर कर निगम पार्षद के ऑफिस पहुंचे थे। निगम पार्षद के ऑफिस में मौजूद सिविल ड्रेस धारी लोगों से उन्होंने पूछा कि हमारे बेटे को क्यों पकड़ा गया है? सिविल ड्रेस धारी लोगों ने कहा कि हम सीबीआई से हैं और आपको पता चल जाएगा कि आपके बेटे को क्यों पकड़ा गया है? इसके बाद अब मूंगफली वाले के पिता को इस बात की जानकारी हुई कि सनाउल्लाह के जरिए रिश्वत के पैसे निगम पार्षद गीता रावत के पास जाते थे।

सीबीआई ने इस बात का भंडाफोड़ करने के लिए एक बड़ी रणनीति बनाई थी। सीबीआई को जब इस बात की भनक लगी कि निगम पार्षद गीता रावत मूंगफली वाले के थ्रू कमाई करती हैं। उसके बाद सीबीआई ने नोटों पर कलर लगाकर मूंगफली वाले को रुपए भेजें। यह रुपए मूंगफली वाले के जरिए गीता रावत को दिया गया जिसके बाद सीबीआई ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है। रंग में लगे नोट को भी बरामद कर लिया गया है।

# देश का पहला ग्रीन एनर्जी उत्पादन प्लांट रेवाड़ी के गांव खुर्शीद नगर में

**चंडीगढ़ । (एजेंसी)**

रेवाड़ी जिला के गांव खुर्शीदनगर में पराली से बिजली का उत्पादन करने वाला देश का पहला ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्थापित किया गया यह प्लांट प्रदूषण मुक्ति के साथ ही बिजली के उत्पादन का सफलतम कदम है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी के माध्यम से निजी क्षेत्र की के-2 पॉवर रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड ने रेवाड़ी के गांव खुर्शीदनगर में देश का पहला ग्रीन एनर्जी प्लांट स्थापित करते हुए रेवाड़ी जिला को अनुकरणीय बनाया है। खुर्शीदनगर में पराली से तैयार हो रही बिजली को प्लांट से बिसोहा 33 केवी सब स्टेशन में उपलब्ध कराया जा रहा है और सब स्टेशन से बिसोहा गांव में बिजली की नियमित आपूर्ति शुरू हो गई है।

उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के आगाज पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने पराली प्रबंधन की दिशा में उठाए गए कदम को सराहनीय बताया है। पराली से बिजली उत्पादन की दिशा में उठाए गए इस कदम से अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी सहित बिजली वितरण निगम की पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच सामने आई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर दिए गए सुझावों को अमल में लाने में रेवाड़ी जिला उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। ग्रीन एनर्जी प्लांट में बिना प्रदूषण के 24 घंटे में 600 क्विंटल पराली से 48 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन शुरू किया गया है। बिजली के उत्पादन के साथ ही क्षेत्र के इस प्लांट में लगभग 150 लोगों को सीधे रोजगार भी मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि पंचकूला रिन्यूवल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी से मान्यता प्राप्त यह पहला पूरी तरह से प्रदूषण रहित प्लांट है। इसमें 400 किलोवाट क्षमता के पांच इंजन हैं, जिनसे बिना प्रदूषण के पराली से बिजली की उत्पादन प्रक्रिया को शुरू किया गया है। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के 33 केवी सब स्टेशन बिसोहा को दो मेगावाट बिजली प्रति घंटे प्रदान की जा रही है और उक्त उत्पादित बिजली वितरण प्रक्रिया का भुगतान सरकार के नियमानुसार किया जा रहा है।

**बायोमैस गैस विधि पर आधारित है प्लांट**

प्रवक्ता ने बताया कि पराली से चलने वाला यह प्लांट बॉयलर की बजाय बायोमैस गैस विधि से काम कर रहा है, जिसमें प्रदूषण की कोई संभावना नहीं है। पराली से चलने वाले पांचों



इंजनों से तैयार होने वाली गैस से ही बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्लांट में पराली को जलाने की अपेक्षा उसे भाप से गलाकर बिजली पैदा की जा रही है, जिसमें किसी भी तरह का कोई वायु प्रदूषण नहीं हो रहा।

### शीना बोरा हत्याकांड : इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर सीबीआई, महाराष्ट्र सरकार को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सीबीआई और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने मुखर्जी को जमानत देने से



इनकार करते हुए बंबई उच्च न्यायालय के 16 नवंबर 2021 के आदेश को चुनौती देते हुए उसकी याचिका पर सीबीआई तथा राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा, 'नोटिस जारी किए जाते हैं। दो हफ्तों में जवाब दिया जाए।' मुखर्जी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी पेश हुए। मुखर्जी अगस्त 2015 में गिरफ्तार होने के बाद से मुंबई की भायखला महिला कारागार में बंद है। इस हत्या मामले में मुकदमे की सुनवाई कर रही विशेष सीबीआई अदालत ने कई बार मुखर्जी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। मुखर्जी पर अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या करने का आरोप है। गौरतलब है कि मुखर्जी, उसके चालक श्यामवर राय और पूर्व पति संजीव खन्ना ने अप्रैल 2012 में एक कार में बोरा (24) की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उसक शव पड़ोसी रायगढ़ जिले के एक जंगल में जला दिया गया था। इस साजिश का हिस्सा होने के आरोप में पूर्व मीडिया उद्योगपति पीटर मुखर्जी को भी गिरफ्तार किया गया। उसे फरवरी 2020 में उच्च न्यायालय से जमानत मिल गयी। मामले में जेल में बंद रहने के दौरान ही उसने इंद्राणी मुखर्जी से तलाक ले लिया।



# संजना सांघी: उल्झे हुए सबसे यादगार अनुभव में से एक था

हाल ही में रिलीज हुई शॉर्ट फिल्म उल्जे हुए में महिला नायक की भूमिका निभाने वाली दिल बेचारा प्रसिद्ध अभिनेत्री संजना सांघी का कहना है कि फिल्म की शूटिंग सबसे यादगार अनुभवों में से एक थी, क्योंकि यह लव स्टोरी थी।

शॉर्ट फिल्म दो युवाओं - रसिका और वरुण के रोमांटिक इतिहास को खूबसूरती से दर्शाती है।

फिल्म की कहानी सतीश राज कासिरेड्डी द्वारा निर्देशित इदा अली द्वारा लिखी गई है और इसमें संजना के साथ-साथ अभय वर्मा और सतीश राज भी हैं।

संजना ने कहा, सतीश, इदा के साथ कुछ अच्छा बनाने में सक्षम होने के नाते, अभय सबसे यादगार और मजेदार अनुभवों में से एक था। यह कुल मिलाकर एक अद्वितीय रचनात्मक तालमेल था और यह एक ऐसा पूर्ण और पूर्ण आनंद था।

अमेजन शॉपिंग ऐप के भीतर अमेजन मिनीटीवी पर उलझे हुए देख सकते हैं।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर बनेगी बाल शिवाजी




मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की 392वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता रवि यादव ने बाल शिवाजी नामक उनके जीवन पर एक फिल्म बनाने की घोषणा की है।

इस फिल्म को इरोज इंटरनेशनल, आनंद पंडित मोशन पिक्च र्स, रवि जाधव फिल्म्स और लीजेंड स्टूडियोज अपना समर्थन देंगे।

बाल शिवाजी युवा छत्रपति शिवाजी महाराज की उल्लेखनीय यात्रा को प्रदर्शित करेगा, जिन्होंने अपनी बहादुरी से देश को प्रेरित किया और उन्हें अब तक के सबसे महान राजाओं में से एक के रूप में जाना जाता है।

साल 2015 से हमेशा से इस विषय पर फिल्म बनाने की चाहत रखने वाले निर्देशक रवि जाधव ने कहा, हम जो कहना चाहते है, उसे हासिल करने में 8 साल का समय लगा।

रवि ने पिछले साल निर्माता संदीप सिंह से मुलाकात की और कहानी सुनाई।

रवि ने कहा, संदीप ने इस वीरता की कहानी को बताने के महत्व को समझा। आखिरकार, यह उन महानतम राजाओं में से एक है जिन्होंने कभी भारत में शासन किया है, यह निश्चित रूप से दुनिया भर के युवाओं और सभी के लिए प्रेरक फिल्म होगी।

लीजेंड स्टूडियोज के संदीप सिंह ने कहा, मैं हमेशा एक ऐतिहासिक फिल्म बनाना चाहता था। इसलिए जब रवि ने इस विषय के साथ मुझसे संपर्क किया, तो मैंने तुरंत हां कह दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व पर आधारित फिल्म बनाना सम्मान की बात है।



# लव हॉस्टल में एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे राज अर्जुन

अभिनेता राज अर्जुन अपनी अगली शंकर रमन की फिल्म लव हॉस्टल के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता फिल्म में एक पुलिस वाले की वर्दी में नजर आएंगे।

कंगना रनौत की फिल्म थलाइवी में राज अर्जुन ने आर.एम. वीरप्पन की भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि लव हॉस्टल में उनका किरदार बिल्कुल अलग है।

उन्होंने कहा, आर.एम वीरप्पन मेरे दिल के बहुत करीब है लेकिन अब दर्शक मुझे मेरी अगली फिल्म में एक भूमिका में देखेंगे। एक ऐसा चरित्र जो हर पहलू में आरएम वीरप्पन से अलग है। उन्हें अभिनेता राजअर्जुन नहीं बल्कि एक पुलिस वाला सुशील राठी देखने को मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा, जब एक स्क्रिप्ट उल्लेखनीय प्रोडक्शन हाउस से आती है जैसे दृश्यम फिल्म्स और रेड चिलीज का एक साथ आना, मुझे यकीन था कि यह फिल्म एक मील का पत्थर साबित होगी, जिसमें कला का एक संयोजन और व्यावसायिक सिनेमा एक साथ नजर आएगा।

फिर शंकर रमन, एक शानदार निर्देशक हैं, जिन्होंने गुड़गांव नाम की एक फिल्म बनाई है। इसलिए, इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद और कहानी सुनने के बाद भी मुझे स्क्रिप्ट और मेरा हिस्सा पसंद आया, इसलिए मैंने इसे खुशी से चुना ।

एक पुलिस वाले की भूमिका के बारे में उन्होंने साझा किया, मैं इस भूमिका में जो नयापन लाने का आश्वासन और वादा करता हूं वह यह है कि आप राज अर्जुन को एक अभिनेता के रूप में नहीं देखेंगे, आप उसे एक पुलिस वाले सुशील राठी के रूप में देखेंगे।

सीकेट्र सुपरस्टार से थलाइवी और अब लव हॉस्टल तक बहुमुखी और चुनौतीपूर्ण शैलियों को निभाने के बारे में उन्होंने बताया कि कभी-कभी मैं चुनौतीपूर्ण और रोमांचक भूमिकाएं चुनता हूं और कभी-कभी वे मुझे चुनते हैं। क्योंकि मैंने अपने काम के माध्यम से असाधारण चीजें बनाई हैं। सीकेट्र सुपरस्टार से फारूक, थलाइवी से आर.एम वीरप्पन जैसी जटिल भूमिकाएं मुझे कुछ नया सिखाती है। मुझे व्यक्तिगत रूप से ऐसी भूमिकाएं निभाने में मजा आता है क्योंकि मैं खुद एक ही शैली के एक ही तरह के पात्रों को अभिनय करने से ऊब जाता हूं।



# गंगूबाई के किरदार को स्पेशल मानती है आलिया भट्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में अपने निभाये किरदार गंगूबाई को स्पेशल मानती है।

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनीं फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया भट्ठ की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में आलिया ,गंगूबाई काठियावाड़ी की भूमिका में नजर आयेगी।आलिया ने बताया कि गंगूबाई का किरदार उनके लिए बहुत स्पेशल है और इसके लिए उन्होंने काफी तैयारी की थी।आलिया ने बताया कि कोरोना की वजह से शूटिंग शेड्यूल में कई बार बदलाव हुए और शूटिंग रोक दी गई थी, लेकिन जब सेट पर सभी वापस लौटे तो उसी जोश के साथ काम शुरू हुआ। आलिया ने बताया कि जब उन्हेंए गंगूबाई के किरदार में कास्टथ किया गया तो वह डर गई थीं।

# बॉलीवुड के महानायक ने की 'बाहुबली' की जमकर तारीफ



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और अकसर फैंस के साथ अपने विचार साझा करते हैं।

वहीं इस बार अमिताभ बच्चन ने अपने को -स्टार व बाहुबली फेम एक्टर प्रभास की जमकर तारीफ की है। दरअसल अमिताभ बच्चन इन दोनों अपनी एक आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म का नाम अभी अस्थायी रूप से प्रोजेक्ट के रखा गया है। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और प्रभास भी नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग के दौरान अमिताभ -प्रभास से काफी प्रभावित हुए और उन्होंने प्रभास की तारीफ में सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा- पहला दिन .. पहला शॉट .. बाहुबली प्रभास के साथ पहली फिल्म .. और उनकी कंपनी के औरा में होने यह एक सम्मान है, उनकी प्रतिभा और उनकी अत्यधिक विनम्रता .. सीखने के लिए आत्मसात.. !!

वहीं अमिताभ बच्चन से पहले प्रभास ने भी अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा-यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। लेजेंडरी अमिताभ बच्चन सर के साथ आज प्रोजेक्ट के का पहला शॉट पूरा किया!

सोशल मीडिया पर अमिताभ और प्रभास दोनों के ही ट्वीट पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अमिताभ और प्रभास दोनों ही नाग अश्विनी की फिल्म प्रोजेक्ट के के जरिये साथ में स्क्रीन साझा कर रहे हैं। फैंस इस जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। वहीं यह देखना भी दिलचस्प होगा कि फिल्म में महानायक और बाहुबली की जोड़ी क्या कमाल दिखाती है।

# 'गंगूबाई काठियावाड़ी' : रहीम लाला के किरदार में छाये अजय देवगन

आलिया भट्ट की आगामी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें रहीम लाला के रूप में अजय देवगन का इंट्रोडक्शन करवाया गया है।इस वीडियो को आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा-रहीम लाला बंबई का राजा, आ रहा है 6 दिनों में।

गंगूबाई काठियावाड़ी 25 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी। वीडियो में अजय देवगन की झलक के साथ ही बैकग्राउंड से एक आवाज सुनाई देती है, जिसमें कहा जाता है कि-लाला बोले तो मुंबई का राजा...! इस इंट्रोडक्शन के साथ वीडियो में सामने आती है अजय देवगन की झलक । इसके बाद वीडियो में देखा जा सकता है कि गंगूबाई (आलिया भट्ट) रहीम लाला



से मिलने जाती है और उनसे कहती है धंधा आपका भी धर्म है और मेरा भी। रहीम लाला कहते हैं तो ऐसे काफिरों का अंजाम सिर्फ खुदा तय करता है। इसपर गंगूबाई कहती है इसलिए तो आपसे मिलने आई हूँ! वीडियो में देखा जा सकता है कि रहीम लाला गंगूबाई को माफिया क्वीन बनाते हैं और इसके साथ ही महिलाओं के लिए खड़े होने और जीतने के लिए भी कहते हैं।

गंगूबाई काठियावाड़ी की घोषणा अक्टूबर 2019 में की गई थी। यह फिल्म हुसैन जैदी की किताब के एक चैप्टर माफिया क्वींस ऑफ मुंबई पर आधारित है। फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया भट्ट टाइटल रोल में हैं।

# साई पल्लवी और कीर्ति सुरेश एएमजे के ट्रेलर लॉन्च में होंगी शामिल

खबर है कि दक्षिण भारत की सबसे चर्चित अभिनेत्रियां साई पल्लवी और कीर्ति सुरेश को शारवानंद और रश्मिका की फिल्म आदवल्लू मीकू जोहरलु के ट्रेलर लॉन्च समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

शारवानंद की आने वाली फिल्म आडावलु मीकू जोहरलू के निर्माता ट्रेलर लॉन्च इवेंट के लिए एक समारोह आयोजित करेगी, जो शनिवार को हैदराबाद में प्रसिद्ध शिल्पा कला वेधिका में होगा।



साई पल्लवी, जो वर्तमान में अपनी फिल्म श्याम सिंघा रॉय की शानदार सफलता का लुत्फ उठा रही हैं, निर्माताओं द्वारा आमंत्रित अतिथियों में से एक हैं, जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री, कीर्ति सुरेश भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगी।

चूंकि फिल्म को पारिवारिक तौर पर निर्देशित किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं को महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाया गया है, निर्माताओं ने ट्रेलर लॉन्च समारोह के लिए महिलाओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का फैसला किया।

किशोर तिरुमाला द्वारा निर्देशित, आदवल्लु मीकू जोहरलु में रश्मिका मंदाना, राधिका शरथ कुमार और अन्य प्रमुख भूमिकाएं निभाएंगे। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म में संगीत दिया है। फिल्म 25 फरवरी को रिलीज होगी।

# भूपेश बघेल ने सलमान खान को छत्तीसगढ़ में फिल्मों की शूटिंग के लिए आमंत्रित किया

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बॉलीवुड स्टार सलमान खान से फिल्मों की शूटिंग के लिए उनके राज्य में कुछ स्थानों को चुनने का अनुरोध किया है।

शुक्रवार शाम छत्तीसगढ़ सरकार के सलाहकार गौरव द्विवेदी ने दिल्ली में सलमान से मुलाकात की।

अभिनेता के साथ अपनी मुलाकात के दौरान, गौरव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को फोन किया और उनकी बात सलमान खान से कराई। इस दौरान बघेल ने सलमान से अनुरोध किया कि वे उनके राज्य का दौरा करें और फिल्मों की शूटिंग के लिए स्थानों को एक्सप्लोर (स्थानों का पता) करें।



फिल्म नीति के बारे में अभिनेता सलमान खान के साथ गहन चर्चा

सीएम सलाहकार द्विवेदी ने कहा, मैंने छत्तीसगढ़ की नई की। मैंने समझाया कि यहां छत्तीसगढ़ में शूटिंग की बहुत बड़ी गुंजाइश है, क्योंकि राज्य में समृद्ध प्राकृतिक स्थान हैं। अभिनेता ने भविष्य में कुछ शूटिंग योजनाओं के साथ यहां आने के लिए अपनी रुचि दिखाई।

सलमान और कैटरीना राष्ट्रीय राजधानी में टाइगर 3 की शूटिंग कर रहे थे।

आगामी एक्शन थ्रिलर को तुर्की, रूस और ऑस्ट्रिया सहित कई देशों में प्रमुखता से शूट किया गया है।

मनीष शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में इमरान हाशमी भी हैं। टाइगर 3 में, सलमान रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) एजेंट अविनाश सिंह राठौर उर्फ टाइगर की अपनी भूमिका को फिर से निभाते नजर

# बाथरूम में एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने कराया बोल्ड फोटो शूट, बाथ टब में लेटीं तो कभी वॉश-बेसिन पर बैठीं

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आने वाली फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रमोशन में तो व्यस्त हैं। इस बीच आलिया भट्ट के लेटेस्ट लुक्स सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहे हैं। आलिया भट्ट ने ट्रेडिशनल लुक्स के बाद अब वेस्टर्स अंदाज में फोटोशूट कराया है जिसकी तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की हैं।

सामने आई इन तस्वीरों में आलिया भट्ट शॉर्ट ड्रेस में कभी बाथटब में लेटी तो कभी वॉशबेसिन पर बैठी दिखाई दे रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए आलिया भट्ट ने लिखा, 'बाय बाय बर्लिन'। आलिया के इस कैप्शन से साफ है कि उन्होंने ये फोटोशूट बर्लिन में कराया है।

तस्वीरों में आलिया व्हाइट ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। उनके इस कातिलाना अंदाज पर तमाम फैंस दिल रहे हैं, फैंस के साथ-साथ काफी सारे सेलेब्स भी उनके इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं।



आलिया भट्ट इन दिनों अभिनेता रणबीर कपूर के साथ रिलेशन में हैं और खबरें हैं कि जल्द ये दोनों शादी के बंधन में बंध सकते हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान भी आलिया भट्ट कई बार रणबीर कपूर के साथ अपने रिलेशन पर कई बातें कह चुकी हैं तो वहीं दूसरी और रणबीर कपूर भी आलिया की फिल्म का जमकर प्रमोशन करने में जुटे हुए हैं।

आलिया भट्ट की फिल्में- वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट इस वक्त प्रोफेशनल लाइफ में काफी अच्छे दौर से गुजर रही हैं। आलिया भट्ट फिल्म 'गंगूबाई' में जहां लीड रोल में हैं तो वहीं बहुत जल्द रणबीर कपूर के साथ उनकी मोस्ट अवेटिड फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' भी रिलीज होने वाली है।

# राजीव गांधी के बहाने राजनाथ ने कांग्रेस को घेरा कहा-पीएम मोदी ने कभी नहीं दिखाई लाचारी

संवाददाता

अमेठी । रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को विपक्षियों पर जमकर प्रहार किए। पीएम मोदी की तारीफ किए। योजनाओं को गिनकर जनता को रिझाने की पूरी कोशिश उन्होंने की। कहा सपा, बसपा, कांग्रेस समाज को बांटने की राजनीति कर रही हैं। कुनबों में भी विभेद करने से वे नहीं चूकते। भाजपा भेदभाव की राजनीति में विश्वास नहीं करती। पार्टी की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है।

अमेठी जिले के जगदीशपुर कस्बे के मौर्या बाग में आयोजित जनसभा में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुरेश पासी के लिए समर्थन की अपील की। कहा वह समर्थन इसलिए मांग रहे है कि पिछले चुनाव में जो वादा किया था उसे पांच साल में पूरा किया। आजाद भारत के नेता जो कहते थे , यदि उसे पूरा किया होता तो देश कब का ताकतवर हो गया होता। भाजपा जन विश्वास को नहीं तोड़ेगी। इसके लिए उसे चाहे जो कीमत चुकानी पड़े। जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण शुरू हो गया। इसके लिए किसी मुस्लिम समाज का उत्पीड़न नहीं किया गया। अदालत का फैसला आया। उसके अनुरूप ही कार्य मंदिर बनाने का काम शुरू हुआ। काशी में विश्वनाथ मंदिर को आततायियों ने तोड़ डाला था। रानी अहिल्याबाई ने उसका पुनर्निर्माण कराया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसे भव्यता प्रदान की।





सबसे बेहतर सरकार चलाने वाली भाजपा : उन्होंने कहा कि दुनियां में सबसे बेहतर सरकार चलाने वाली भाजपा है। यह बात अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। अन्तराष्ट्रीय मंच पर इसकी हैसियत बढ़ी है। उसकी बात सुनी जा रही है। पुलवामा में पाकिस्तानी आतंकियों ने देश के सैनिकों पर हमला किया। बड़ी संख्या में जवान शहीद हो गए। गृह मंत्री के रूप में मैंने कंधा दिया था। उसका दर्द आज भी है। उसके बाद भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान की धरती पर बने आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इससे दुनियां को कड़ा संदेश गया कि भारत की ओर आंख उठाने वालों को बाउंड्री के इस पार व जरूरत पड़ी तो उसपार भी हम मार सकते हैं। मेठी में गोली नहीं गोला बनेगा : रक्षामंत्री ने कहा कि अमेठी में रूस के असहयोग से एके 203 राइफल बनेगा। इसका एग्रीमेंट हो गया है। अब ऐसे हालात बन रहे हैं कि यहां गोली नहीं गोला बनेगा। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण यूपी में होगा। पैसा स्वीकृत हो गया है। यहीं से 800 किमी की दूरी पर बैठे दुश्मन का सफाया होगा। सेना के लिए जो हथियार बाहर से आते थे, वे भी देश की धरती पर देशवासियों के हाथों से बनेंगे। आगे उसका निर्यात भी किया जाएगा। राजीव ने स्वीकारा था भ्रष्टाचार : प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सदन में स्वीकार किया था कि 100 पैसे में से 15 ही दिल्ली से गांवों को पहुँचता है। वह उनकी लाचारी थी। पीएम मोदी ने लाचारी नहीं व्यक्त की। उन्होंने व्यवस्था बदल दी। अब जनधन खाते में सीधे योजनाओं की धन राशि पहुंचती है। किसान सम्मान निधि, आवास, शौचालय आदि के पैसे लाभार्थियों को मिल रहे हैं। दीपावली व होली पर मुफ्त दो गैस सिलिंडर भी दिए जाएंगे। उन्होंने सरकार बनने पर नौजवानों को टैबलेट, स्मार्टफोन, साथ साल के ऊपर की महिलाओं को मुफ्त यात्रा आदि का एलान किया।

## महोली विधान सभा मे अनूप गुप्ता की लहर : अभिषेक गुप्ता

सीतापुर। चुनावी संग्राम जारी है ऐसे में महोली विधान सभा में जन सम्पर्क करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी अभिषेक गुप्ता ने महोली विधानसभा में परिवर्तन हो रहा है उसके जातीय समीकरण फिट है। अभिषेक गुप्ता ने कहा अनूप गुप्ता इस बार भारी मतों से जीत रहे है ।क्षेत्र की जनता वर्तमान विधायक की अनदेखी से नाराजगी है।
विधानसभा महोली मे जनसंपर्क अभियान मे लोगों का दिखा उत्साह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अनूप गुप्ता विधानसभा क्षेत्र मे जनसंपर्क जोरो से शुरू कर दिया है संपर्क अभियान मे जनता मे अखिलेश यादव के संकल्प पत्र को लेकर विश्वास देखने को मिल रहा है चारो तरफ जय अखिलेश तय अखिलेश के नारे गुजायमान है और अखिलेश यादव पर जनता को विश्वास है एवं भारी बहुमत के साथ अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेंगे अनूप गुप्ता ने जनसंपर्क के दौरान जनता से बताया की भाजपा शासन मे झूठे वादो का पुलिंदा ही जनता को मिला है और गड्ढे मुक्त सडकों की बात करे तो गड्ढे युक्त मिली है विकास के नाम पर सिर्फ छलावा जनता के साथ भाजपा सरकार ने किया है मंहगाई चरम पर है जिससे माध्यम वर्ग के किसानों और मजदूरों को एक टाइम का निवाला भी मिलना दुभर हो रहा है जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया की सपा सरकार बनने पर किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिलेगा जो भी शासन से योजनाये आयेगी वो सीधे लाभार्थियों तक जायेगी क्षेत्र की जनता ने भी विश्वास दिलाया की अबकी बार सिर्फ अखिलेश ही मुख्यमंत्री बनेगे इसके लिये हम सभी संकल्प लिये हुये महोली विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा को बताया झूठ का पुलिदा कहा जो भाजपा के नेता है वह कहते कुछ है और करते कुछ है अब हम किसी बहकावे मे न आकर सिर्फ अनूप भाईया को ही जितायेगे

## मायावती ने अंबेडकरनगर में भरी हुंकार कहा बसपा के आने पर ही होगा विकास

अंबेडकरनगर । यूपी विधानसभा चुनाव में अंबेडकरनगर जनपद में सभी दलों ने नजरें लगा रखी हैं। भाजपा और सपा के साथ बसपा ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी बीच बसपा प्रमुख मायावती जनसभा करने शिवबाबा पहुंची। जनसभा को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रिमो मायावती ने विपक्षियों पर निशाना साधा। महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई तेजी से बढ़ी, गैस-पेट्रोल समेत अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। डबल इंजन की सरकार को अलग करने के बाद ही प्रदेश का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में धरातल पर रोजगार के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं हुआ है, सिर्फ बातें ही की जाती रही हैं।मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के साथ बीजेपी की सरकार में अधिकांश यहां पक्षपात वाला रवैया ही अपनाया गया है।विशेषकर मुस्लिम समाज इस सरकार में सबसे ज्यादा दुखी रहा है। मायावती ने अकबरपुर कटेहरी आलापुर टांडा जलालपुर पांचों विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए समर्थन में जनसभा करते हुए बसपा की सरकार बनाने के लिए जनता से अपील करते हुए कहा- 'लोकतंत्र के हाथ फैसला है, एक बार फिर पुराना विश्वास जताएं'। अंबेडकर नगर जनपद सृजन होने के बाद अन्य सरकारों द्वारा अंबेडकरनगर मैं और किसी भी प्रकार का विकास नहीं किया गया वह देखने को मिल रहा है। प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए बसपा के पक्ष में मतदान करें और बसपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजई बनाएं यही हमारी अंबेडकरनगर की जनता से अपील है यह कह कर बहन कुमारी मायावती ने अपने शब्दों को विराम दिया।

## दुकान से गेहूं की चोरी, मुकदमा दर्ज

कुरारा(हमीरपुर)स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में गल्ला व्यापारी ने दो लोगो के गेंहू चोरी करने की तहरीर थाने में दी है। वही व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।
कस्बा निवासी व्यापारी विभम पुत्र राजीव कुमार गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात मेरी दुकान से कस्बा निवासी छुट्टन भगत पुत्र बड़बोले उर्फ बाल गोविंद व छुट्टन पुत्र सती चरण ने दो बोरी गेंहू की चोरी कर ली है। जानकारी होने पर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दोनों के खिलाफ गेंहू चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया है।

## भारी पुलिस सुरक्षा में होगा मतदान

कुरारा(हमीरपुर)कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विधान सभा चुनाव में मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए भारी पुलिस बल को पोलिंग बूथो पर तैनात किया गया है। वही सभी मतदेय स्थलों में पोलिंग पार्टियां भी पहुंच गई है। विधानसभा चुनाव में कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये गए 61 बूथों पर 92 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। वही दोपहर तक सभी पोलिंग बूथ पर पोलिंग पार्टी का आगमन हो चुका है। वही सीमा सुरक्षा बल की तैनाती सभी बूथों पर की गई है। तथा प्रशासन द्वारा शांति पूर्ण मतदान के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

# लूट की घटना का नीमगांव पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता

बेहजम-खीरी। शुक्रवार को दिन दहाड़े थाना नीमगांव थाना क्षेत्र के भूलनपुर जंगल के पास बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रहे दंपत्ति से ?75000 की लूट की घटना हुई थी।घटना की खबर वायरल होने पर जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने सक्रियता दिखाते हुए क्राइम ब्रांच व सीओ मितौली की संयुक्त टीम गठित कर सीघ्र ही घटना के खुलासे पर जोर दिया।जिसपर पुलिस की गठित टीमो ने इंस्पेक्टर नीमगांव राजकरन शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खगालने के साथ-साथ पीड़िता के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस होने पर नीमगांव पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी।नीमगांव पुलिस ने मय लूटी गयी रकम और अन्य सामान के साथ बरामद कर दो लूटेरों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है।

बताते चलें कि थाना नीमगांव क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी हरदेव सिंह शुक्रवार को अपनी पत्नी के साथ जिला सहकारी



बैंक से ?75000 की नकदी निकाल कर अपनी बाइक से घर जा रहे थे।वहीं रास्ते मे खेरवा जंगल के पास दो बाइक सवार लुटेरों ने इनकी बाइक को ठोकर मारकर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग लूट कर रफू चक्कर हो गए थे।खुलासा करने वाली टीम में इंस्पेक्टर राजकरन शर्मा, एसआइ करुणाशंकर मिश्रा और दरोगा शिव कुमार यादव,सिपाही विश्राम सिंह, देवेंद्र सिंह,अंचल वर्मा,गुलशन कुमार,विक्रांत चैधरी, गोल्डन,सिकंदर, मेहताब आलम,संजय कुमार की टीम ने 24 घण्टे के अंदर घटना का खुलासा कर कामयाबी हांसिल की।

# खीरी पहुंचे विशेष व्यय प्रेक्षक, ली चुनावी तैयारियों की जानकारी

संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के मद्देनजर विशेष व्यय प्रेक्षक बीआर बालाकृष्णन जनपद खीरी पहुंचे। उनके जनपद आगमन पर जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने स्वागत किया। भारत निर्वाचन आयोग के विशेष व्यय प्रेक्षक बीआर बालाकृष्णन ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, व्यय प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक डीलीवन व व्यय प्रेक्षक माइकल जेराल्ड, राज्य स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों के जनपदीय नोडल अधिकारी, निर्वाचन में अनुरक्षण के जनपदीय नोडल अधिकारियों के संग निर्वाचन व्यय की विस्तृत समीक्षा की, जरूरी निर्देश दिए।उन्होंने व्यय प्रेक्षकों से स्टैटिक निगरानी दल, उड़नदस्ता, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, व्यय अनुवीक्षण सेल, लेखा टीमो की वर्किंग व सक्रियता जानी। गठित टीमों द्वारा की जाने वाली प्रभावी कार्यवाही की जानकारी ली। निर्देश दिए कि गठित टीमें चुनाव से 72 घंटे पूर्व अलर्ट मोड में और अधिक सक्रियता के साथ फील्ड में काम करें।अंतर्जनपदीय एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चुनाव के मद्देनजर सतर्क दृष्टि रखें। उन्होंने प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों के तरफ से चुनाव में व्यय की जा रही धनराशि का विवरण विधानसभा क्षेत्रवार तैयार करने के बारे में बताया। इसके साथ ही विज्ञापन एवं आनलाइन लेन देन का आकलन कर उनके व्यय खाते में सम्मिलित करे।बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने चुनाव संपन्न कराने की तैयारियों की बिदुवार जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक को आश्वस्त किया कि आयोग की गाइड लाइन का अनुपालन कराया जा रहा है। बताया कि सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर आदर्श आचार संहिता के बारे में अवगत करा दिया गया है। कहीं से उल्लंघन की जानकारी मिलती है तो संबंधित निर्वाचन अधिकारी दोषी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करायेंगे। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने भी स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त चुनाव कराने की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।बैठक में डिप्टी डीईओ/एडीएम संजय सिंह, एएसपी अरुण सिंह, एसएसबी 70 बटालियन कमांडेंट जतिन नेगी एवं तृतीय बटालियन के कमांडेंट, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर केके वर्मा, जिला आयकर अधिकारी पीडी वर्मा, डीईओ कुलदीप दिनकर, प्रभारी अधिकारी (एसएससी-एसएसटी) डीसीओ बृजेश कुमार पटेल, एलडीएम वीएस राना, एडीईओ, डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रेक्षक पयागपुर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बहराइच । विधानसभा सामान्य निर्वाच-2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर के सामान्य प्रेक्षक मनोज कुमार मणिकराव सूर्यवंशी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर के मतदान केन्द्र गोपारा, कलवी, नैज़ाभार, चरनियाकोट, बसनेहरा, पहलवारा इत्यादि बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों मूलभूत सुविधाओं यथा बिजली, पेयजल, रैम्प, शौचालय आदि के माकूल बन्दोबस्त कराये जाने के निर्देश दिये। प्रेक्षक श्री सूर्यवंशी द्वारा बेथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण के साथ-साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक भी करें। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाइज़निंग आफिसर सहायक अभियन्ता जिला पंचायत रवीन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# मध्यस्थता का महत्व विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

संवाददाता

अंबेडकर नगर। पद्म नारायण मिश्र, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के तहसील सभागार, भीटी, अम्बेडकरनगर में मध्यस्थता का महत्व विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में प्रियंका सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर,सुनील कुमार, तहसीलदार सचिव तहसील विधिक सेवा समिति, भीटी एवं तहसील के अन्य कर्मचारीगण वादकारीगण आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।प्रियंका सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर ने विधिक साक्षरता शिविर को सम्बोधित करते हुये बताया कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रम है जिसमें पक्षकार किसी तीसरे व्यक्ति के हस्तक्षेप के माध्यम से तथा न्यायालय का सहारा लिये बिना अपने विवादों का निपटान करवाते हैं। यह ऐसी विधि है जिसमें विवाद किसी नामित व्यक्ति (जिसे 'विवाचक' या मध्यस्थ कहते हैं) के सामने रखा जाता है। को सुनने पश्चात अर्धन्यायिक तरीके का निर्णय करता उदाहरणार्थ पच' या 'पंचायत' को कोई विवाद संदर्भित करना मध्यस्थता का एक रूप है। सामान्यतः विवादकारी पक्ष अपना मामला किसी मध्यस्थ न्यायाधिकरण को संदर्भित करते हैं तथा न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया निर्णय 'अवार्ड' कहलाता है। मध्यस्थता का प्रयोग मुख्यतः व्यापार क्षेत्रों में किया जाता है जैसे निर्माण परियोजनाए नौवहन तथा संवहन पेटेंट कारोबार चिन्ह तथा ब्रांड, वित्तीय सेवायें जिनमें बैंकिंग तथा बीमा शामिल है, मध्यस्थता प्रक्रिया न्यायालय में मुकदमे की तुलना में कम महगी होती है, ये अत्याधिक सरल तथा त्वरित होते हैं जिससे दोनों पक्षकार समय के अपव्यय से बचते है, चूंकि कार्यवाहियां बंद दरवाजे में संचालित की जाती है, विवाद का प्रचार जिसमें गोपनीयता सुनिश्चित होती है, ये प्रकिया पक्षकारों की उनके विवाद का सदभावपूर्ण निपटान करने के लिये स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से मदद करना वस्तुपरक उचित और न्यायोचित सिद्धांतो का पालन करना पक्षकारों के अधिकारों एवं कर्तव्यों, व्यवसाय प्रयोगों विवाद को परिस्थितियों और पक्षकारों के बीच पूर्ववर्ती कारोबारी पद्धतियों पर विचार करना विवाद के निपटान के लिये प्रस्ताव रखना जब तक ०पक्षकारों द्वारा अन्यथा सहमति न हो, उसी विवाद के सम्बन्ध में किसी पंचाट या न्यायिक कार्रवाई में किसी एक पक्ष के मध्यस्थ या प्रतिनिधि के रूप में कार्य नहीं करना। शिविर के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर द्वारा लीगल एड क्लीनिक के सम्बन्ध में चर्चा की गई एवं उसके महत्व व कार्यप्रणाली के बारे में बताया एवं उन्होंने यह भी बताया कि शनिवार को जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में लघु प्रकृति के फौजदारी वाद, एन0आई0 एक्ट की धारा 138, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, वैवाहिक पारिवारिक वाद दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना एवं प्रतिकरवाद, विद्युत अधिनियम से संबन्धित वाद, श्रम वाद एवं भूमि अध्याप्ति वाद राजस्व वाद आदि सहित अन्य प्रकार के वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण किया जाना है। अतः जनपद के सभी आमजन को सूचित किया जाता है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने अधिक से अधिक संख्या में वाद सुलह समझौता के माध्यम से नियत कर निस्तारित करवाये एवं राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 12.03.2022 का लाभ उठायें।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महिलाओं को शपथ दिलाई गई

संवाददाता

अंबेडकर नगर जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम निरंतर किया जा रहा है, जिसमें सभी मतदाताओं को निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है !इसी क्रम में स्वयं सहायता समूह की एक लाख से अधिक महिलाओं को मतदान करने तथा मतदान के लिए जनमानस को प्रेरित करने का शपथ जनपद के सभी 902 ग्राम पंचायतों एवं 668 ग्राम संगठनों तथा 31 संकुल स्तरीय संघो में कराई गई। जनपद में गठित 10465 स्वयं सहायता समूहों में शामिल महिलाओं ने सभी ग्राम पंचायतों पर शपथ लिया तथा जागरूकता संबंधी संगोष्ठी, रंगोली, बैनर,तखती तथा स्लोगन के साथ रैली आदि के माध्यम से भव्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें खड विकास अधिकारी, सहायक विकास आधिकारी आईएसबी,ब्लॉक मिशन प्रबंधको,जिलामिशन प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड अकबरपुर में आयोजित किया गया। संस्कार संकुल स्तरीय संघ आरिया अकबरपुर की 58 ग्राम संगठनों और 507 समूह की 342 महिलाएं विकास खण्ड के सभागार में संगोष्ठी, नाटक, रंगोली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महिलाओं को शपथ दिलाई गई। कि सभी लोग स्वयं मतदान करने के साथ साथ लोगों से भी मतदान के लिए प्रेरित करे।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत दो वर्षों में अंबेडकर नगर के समूह की महिलाओं ने प्रदेश स्तर पर अभूतपूर्व छाप छोड़ी हैं जिसमें बी सी सखी का कार्य, मास्क निर्माण, सोशल मोबिलाइजेशन में तो बहुत ही अच्छा कार्य किया गया है। उसी प्रकार मतदाता जागरुकता में समूह की महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। यह पहला अवसर होगा जब एक लाख से अधिक समूह की महिलाओं ने शपथ लिया। स्वयं मतदान करने के साथ ही अन्य सभी लोगों को जाति, धर्म, लोभ, भय से ऊपर उठकर राष्ट्र हित मे मतदान करने की अपील करेंगी ।इसके बाद हरी झंडी दिखाकर महिलाओं की जागरूकता रैली को भी रवाना किया गया जो जिलाधिकारी कार्यालय से पटेल चौक तक महिलाएं जागरूकता से संबंधित स्लोगन का नारा लगाते हुए हाथों में तख्ती बैनर लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य कियाइस कार्यक्रम में डी सी एन आर एल एम आर बी यादव, परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद , जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला मिशन प्रबंधक ने प्रतिभाग किया।

# हरियाली के दुश्मन व रक्षकों का गठजोड़ मिटा रहा हरियाली, जिम्मेदार अनजान

संवाददाता

लखीमपुर/ओयल-खीरी। चैकी क्षेत्र अन्तर्गत इन दिनों हरियाली के दुश्मन जिम्मेदारों की मिलीभगत से दिन दूनी रात चैगुनी के रफ्तार से बागों उजाड़ रहे हैं।उजाड़ें भी क्यों न चंद मामूल के लिए जिम्मेदार देशी आम के फल योग्य वृक्षों को कलमी अथवा फल रहित घोषित कर परमिट दे देते हैं। जिसके परिणाम स्वरुप जनपदमें जहां आजादी के समय लगभग 75 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र था वहीं वर्तमान में महज 45 प्रतिशत ही बचा होगा। दिन प्रति दिन हमारे यहां जिम्मेदारों की खाऊ-कमाऊ



नीतियों की चलते हरियाली कम होती जा रही है। ऐसा ही एक मामला चैकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत पन्यौरा के सावनसिंह पुरवा गांव से सामने आया है।जहां के ग्रामीणों की माने तो उक्तबाग दिलीप कुमार पुत्र रामभरोसे की है और यहांदेशी आम के13 पेंड़ लगे हैं।लकड़कट्टा मुन्ना शरादा नगर वन क्षेत्र के जिम्मेदारों से गठजोड़बना काट करइसका सफाया कर रहा है।

# दुबई टेनिस चैंपियनशिप: सानिया और हरादेका सेमीफाइनल में हारे



दुबई। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरादेका को यहां दुबई टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

पहले सेट में दबदबा बनाने के बावजूद सानिया और हरादेका की जोड़ी को शुक्रवार रात युक्रेन की ल्युडमाइला किचेनोक और लातविया की येलेना ओस्टापेंको के खिलाफ 6-2 2-6 7-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

भारत और चेक गणराज्य की वाइल्ड कार्ड धारक जोड़ी ने 11 ब्रेक प्वाइंट बचाए जबकि पहले सेट में तीन में से दो ब्रेक प्वाइंट जीतकर डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में 1-0 की बढ़त बनाई।

सानिया और हरादेका हालांकि लय बरकरार रखने में नाकाम रही और किचेनोक तथा ओस्टापेंको ने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया और फिर मैच भी अपने नाम किया।

सानिया ने 2013 में अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स के साथ मिलकर यहां खिताब जीता था।

तीन मिश्रित युगल सहित छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली 35 साल की सानिया भारत की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। वह पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि डब्ल्यूटीए टूर पर 2022 उनका अंतिम सत्र होगा।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने योगी आदित्यनाथ को भेंट किया टीम का पहला बल्ला

लखनऊ। नई आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टीम का पहला बल्ला भेंट किया है।

फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका और टीम के मेंटर गौतम गंभीर ने शुक्रवार देर शाम योगी के आवास पर उनसे मुलाकात कर उन्हें टीम का पहला बल्ला भेंट किया। फ्रेंचाइजी ने ट्विटर पर इसकी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ÷ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टीम का पहला बल्ला भेंट किया। क्रिकेट को अपार समर्थन देने के लिए उनके आभारी हैं। ÷



मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश में खेल की संभावनाओं पर भी बातचीत हुई। मुख्यमंत्री ने पिछले पांच वर्षों में खिलाड़ियों और खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए उठाए गए कदमों के बारे में चर्चा की और बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में हर पंचायत में खेल मैदान विकसित करने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए जो भी कार्य होगा सरकार उसमें पूरा सहयोग प्रदान करेगी।

वहीं संजीव गोयनका ने मुलाकात के बाद उत्तर प्रदेश के बदले माहौल की सराहना की। उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में उनके स्टोर स्पेंसर के दो स्टोर थे, जो बेहतर माहौल के कारण अब बढ़कर 34 हो गए हैं।

उल्लेखनीय है कि आईपीएल के 14 सीजनों के बाद 15वें सीजन में उत्तर प्रदेश की पहली टीम इस टूर्नामेंट से जुड़ी है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में देश के सबसे बड़े राज्य की टीम के आने से इसका रोमांच और भी ज्यादा बढ़ गया है। लखनऊ ने अपने पहले सीजन के लिए एक दमदार टीम खड़ी की है।

लखनऊ सुपरजायंट्स टीम आईपीएल इतिहास की सबसे महंगी टीम है। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाले आरपीएसजी ग्रुप ने 7090 करोड़ रुपए में लखनऊ फ्रेंचाइजी को खरीदा था। इससे पहले मुंबई आईपीएल की सबसे महंगी फ्रेंचाइजी थी, जिसकी कीमत 839 करोड़ थी। लखनऊ के अलावा अहमदाबाद आईपीएल की दूसरी सबसे महंगी फ्रेंचाइजी है। अहमदाबाद को सीवीसी कैपिटल्स ने 5625 करोड़ में खरीदा था।

## नॉर्थईस्ट यूनाईटेड ने बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया

मडगांव। नॉर्थईस्ट यूनाईटेड ने छह मिनट के अंदर दो गोल करके इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को यहां बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराया।

बेंगलुरू एफसी ने क्लीटन सिल्वा के 66वें मिनट में किये गये गोल से शुरुआती बढ़त बनायी लेकिन डेशोर्न ब्राउन (74वें) और लालडेनमाविया राल्टे (80वें मिनट) के गोल से नॉर्थईस्ट यूनाईटेड आखिर में जीत हासिल करने में सफल रहा।

नॉर्थईस्ट यूनाईटेड लंबे इंतजार के बाद मिली अपनी तीसरी जीत से 11 टीमों की अंक तालिका में 10वें स्थान पर पहुंच गया है। उसके 18 मैचों तीन जीत और चार ड्रा से 13 अंक हैं।

## हार के कारणों को समझने की कर रहे हैं कोशिश – एल्गर

क्राइस्टचर्च। साउथ अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने शनिवार को कहा कि वह अभी भी हेगले ओवल में न्यूजीलैंड को एक पारी और 276 रनों से मिली करारी हार के पीछे के कारणों को समझने की कोशिश कर रहे हैं।



भारत को घर में 2-1 से हराकर ऊंचाई पर पहुंच रही साउथ अफ्रीका पहली पारी में सिर्फ 95 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इसके बाद, प्रोटियाज ने दूसरी पारी में 111 रन पर ऑलआउट होने से पहले न्यूजीलैंड को 482 रन बनाने की अनुमति दी थी।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने एल्गर के हवाले से कहा, यह खराब प्रदर्शन है, जिसे मैं समझने की कोशिश कर रहा हूं। अभी भी कुछ भी समझ नहीं आया है। उम्मीद है कि अगले या दो दिनों में मैं सक्षम हो जाऊंगा कि हम मैच सिर्फ तीन दिनों में कैसे हार गए।

एल्गर ने पहले दो टेस्ट में साउथ अफ्रीका की हार के कारणों के रूप में क्वारंटीन और वार्मअप मैचों का न होने को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा, मैं एक बहाने के रूप में क्वारंटीन का उपयोग नहीं कर रहा हूं। हम यहां अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए हैं और मैच के दिन आने तक हमें बेहतर खेलने की आवश्यकता है।

34 वर्षीय एल्गर ने टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म के बावजूद सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम का समर्थन किया और उन्हें लगता है कि यह बल्लेबाज अपनी फॉर्म को फिर से हासिल करने से सिर्फ एक पारी दूर है। कीगन पीटरसन की अनुपस्थिति में तीन रन बनाकर मार्करम ने दोनों पारियों में 15 और 2 रन बनाए थे।

दूसरी तरफ अपनी छठी हार के कारण बेंगलुरू की सेमीफाइनल की राह थोड़ी मुश्किल हो गयी है। वह 16 मैचों में 23 अंक के साथ छठे स्थान पर है।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 से कोहली और पंत बाहर : रिपोर्ट

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 20 फरवरी को ईडन गार्डन्स में खेले जाने वाले वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मैच से पहले टीम से बाहर हो गए हैं।

भारत ने शुक्रवार को यहां 2-0 की बढ़त के बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज को अपने नाम करने के साथ ही, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कथित तौर पर तीसरे टी20 के लिए दो प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का निर्णय लिया है। वे 4 मार्च से मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए नए सिरे से वापसी कर सकते हैं।

शुक्रवार को दूसरे टी20 में वेस्टइंडीज पर भारत की आठ रन की जीत के दौरान 52 रन बनाने वाले दोनों को कथित तौर पर 24 फरवरी को लखनऊ और 26 और 27 धर्मशाला में खेले जाने वाले श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा।

ईएसपीएन क्रिकइंफो की एक रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया, कोहली को एक नीति के तहत आराम देने का निर्णय लिया गया, जिसका उद्देश्य सभी प्रारूपों के नियमित खिलाड़ियों को समय-समय पर ब्रेक देना सुनिश्चित करना है। श्रीलंका के खिलाफ टी20 के बाद दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा।

बीसीसीआई सप्ताहांत में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पंत की अनुपस्थिति श्रेयस अय्यर या ऋतुराज गायकवाड़ को मौका दिया जा सकता है, जिन्होंने अब तक टी20 में बेंच पर बैठे नजर आए हैं। टी20 में श्रीलंका के खिलाफ प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनने के लिए युवा ईशान किशन संभवत- विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कोहली अब तक 99 टेस्ट खेल चुके हैं और उन्हें मोहाली में अपना 100वां टेस्ट खेलने का इंतजार है। वह चोट के कारण साउथ अफ्रीका में जोहान्सबर्ग टेस्ट से बाहर हो गए थे।

आखिरी बार कोहली को न्यूजीलैंड टी20 सीरीज और नवंबर में जयपुर में पहला टेस्ट के लिए आराम दिया गया था।

# बिलासपुर में विभिन्न खेलों के लिए ट्रायल 24 से, चुने हुए खिलाड़ियों को मिलेगी कई सुविधाएं

नाहन। राज्य का युवा सेवा एवं खेल विभाग खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र बिलासपुर, राज्य खेल छात्रावास बिलासपुर तथा ऊना में 2022-23 सत्र के लिए ट्रायल आयोजित करेगा।

सिरमौर जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी मनुज शर्मा ने बताया कि एथलेटिक्स जूडो और बॉक्सिंग के लिए ट्रायल 24 और 25 फरवरी को, कबड्डी, हॉकी हैंडबॉल के लिए ट्रायल 25 फरवरी, वॉलीबॉल, कुश्ती के लिए 26 फरवरी को खिलाड़ियों का ट्रायल कहलूर खेल परिसर लूहणु में किया जाएगा। सभी प्रतिभागी




खिलाड़ियों को प्रातः 9-00 बजे कहलूर खेल परिसर के मैदान में अपना पंजीकरण करवाना होगा।

प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयु 13 वर्ष से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा 13 वर्ष के आयु वर्ग के खिलाड़ी की लंबाई 158 सेंटीमीटर तथा वजन 43 किलोग्राम और 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी की लंबाई 164 सेंटीमीटर और वजन 49 किलोग्राम होना चाहिए। इसी तरह, 15 वर्ष के आयु वर्ग के खिलाड़ी की लंबाई 165 सेंटीमीटर तथा वजन 50 किलोग्राम होना चाहिए।

सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का ट्रायल प्रातः 10-00 बजे से आरंभ हो जाएगा। ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागियों को विभाग की तरफ से टीए-डीए नहीं दिया जाएगा। ट्रायल के दौरान चुने हुए खिलाड़ियों को मुफ्त आवास, भोजन, चिकित्सा, बीमा, खेल सामान व आधुनिक ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

सभी चयनित खिलाड़ी अपनी पढ़ाई किसी भी स्थानीय स्कूल या कॉलेज से जारी रख सकते हैं। संबंधित खेलों में राज्य, राष्ट्रीय, सब जूनियर, जूनियर व स्कूली स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी न्यूनतम शारीरिक मापदंड नहीं पूरी करने पर भी चयन प्रक्रिया में प्रवेश के लिए पात्र होंगे तथा आयु सीमा भी 13 से 19 वर्ष के बीच अनिवार्य होगी, लेकिन वरीयता 13 से 15 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को दी जाएगी।

## लॉकडाउन में साथ समय बिताने से ओलंपिक के लिए तैयार होने में मदद मिली: हरमनप्रीत

**श्रेयस मनोरम**

नई दिल्ली। डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान साथ में समय बिताने से सामूहिक मानसिकता तैयार हुई जिससे भारतीय पुरुष हॉकी टीम को तोक्यो ओलंपिक में मुश्किल चुनौती से पार पाने में मदद मिली।

हाल के वर्षों में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन में हरमनप्रीत की भी अहम भूमिका रही है। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले हरमनप्रीत को एफआईएच का 2021 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। हॉकी इंडिया के पोडकास्ट 'हॉकी ते चर्चा' में हरमनप्रीत ने तोक्यो ओलंपिक में टीम की सफलता पर बात की।

हरमनप्रीत ने कहा, ''पिछले साल ओलंपिक से पहले लॉकडाउन के दौरान हमारी टीम ने काफी समय एक साथ बिताया। यह मुश्किल स्थिति थी क्योंकि हम लॉकडाउन के शुरुआती हफ्तों में घर नहीं जा पाए लेकिन उस मुश्किल समय का एक साथ सामना करने से हमें पिछले साल ओलंपिक की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिली।''

उन्होंने कहा, ''कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी जैसी टीम के खिलाफ 1-3 से पिछड़ने के बाद यह मुश्किल हालात में हमारी सामूहिक मानसिकता थी जिससे हम अंतत- जीत दर्ज कर पाए।''

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को पारी और 276 रन से हराया, जीत के 18 साल के इंतजार को खत्म किया

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पहले ही सत्र में पारी और 276 रन की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट जीत के 18 साल के इंतजार को खत्म किया।



टिम साउथी ने 35 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम यहां हेगले ओवल में दूसरी पारी में सिर्फ 32 ओवर में 111 रन पर सिमट गई।

दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 34 रन से की थी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में सिर्फ 95 रन ही बना पाई थी जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने हेनरी निकोल्स के 105 और टॉम ब्लंडेल के 96 रन की बदौलत 482 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

तेज गेंदबाज मैट हेनरी को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 23 रन देकर सात विकेट चटकाने के अलावा दूसरी पारी में भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड की एकमात्र पारी में उन्होंने 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए।

दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के सिर्फ दो बल्लेबाज तेंबा बावुमा (41) और विकेटकीपर काइल वेरिने (30) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

इस जीत से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए हैं। शनिवार को मिली जीत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 टेस्ट में न्यूजीलैंड की सिर्फ पांचवीं जीत है।

साउथी ने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उन्होंने इस दौरान न्यूजीलैंड में 200 टेस्ट विकेट के आंकड़े को भी पार किया और रिचर्ड हैडली को पछाड़कर न्यूजीलैंड में टेस्ट मैचों में सबसे अधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने।

## मुंबई 2023 में आईओसी सत्र के लिए मेजबान शहर के रूप में घोषित

मुंबई। बीजिंग में चल रहे शीतकालीन ओलंपिक के साथ-साथ 139वें आईओसी सत्र में सफलतापूर्वक बोली लगाने के बाद शनिवार को मुंबई शहर को 2023 अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र के मेजबान के रूप में घोषित किया गया। यह दूसरी बार होगा जब भारत नई दिल्ली, 1983 में आईओसी सत्र की



मेजबानी करने के बाद इसकी मेजबानी करेगा।

बीजिंग में भारतीय प्रस्तुति का नेतृत्व 2008 में देश के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, आईओसी सदस्य नीता अंबानी, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर थे।

इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों से मुंबई को 99 प्रतिशत वोट मिले, जिसमें 75 सदस्यों ने 2023 में आईओसी सत्र की मेजबानी के लिए अपनी उम्मीदवारी का समर्थन किया।

बत्रा ने कहा, मैं श्रीमती नीता अंबानी को उनके दृष्टिकोण और नेतृत्व के लिए धन्यवाद देता हूं और अपने सभी आईओसी सदस्य सहयोगियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं, मैं आपको अगले साल मुंबई में यहां देखने के लिए उत्साहित हूं।

उन्होंने आगे कहा, यह भारत के खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत है। एक युग जिसमें भारत में ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दीर्घकालिक लक्ष्य है। हम महत्वाकांक्षी हैं और मानते हैं कि हमारे उद्देश्य के लिए साहसिक हैं।

2023 की गर्मियों में आयोजित होने वाला सत्र, मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जीयो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर (जेडब्ल्यूसी) में आयोजित किया जाएगा। जेडब्ल्यूसी 2022 की शुरुआत में परिचालन शुरू करेगी।

# टी20 विश्व कप से पहले अधिक से अधिक विकल्प आजमाने की योजना: पंत

कोलकात। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि आठ महीने में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम ने अधिक से अधिक विकल्पों को आजमाने की योजना बनाई है।

लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही मौजूदा श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के उप कप्तान बनाए गए पंत ने शुक्रवार रात दूसरे मुकाबले में भारत की आठ रन की जीत के दौरान तेजतर्रार अर्धशतक जड़ा।

पंत से जब आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मैच के बाद कहा, ''विश्व कप में अब भी समय बचा है इसलिए हमारी योजना जितना अधिक संभव हो उतने विकल्पों को आजमाने की है।''

उन्होंने कहा, ''हम यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि कौन सा स्थान किसके अनुकूल है और वे कैसे टीम को फायदा पहुंचा सकते हैं। हम कई विकल्पों को आजमा रहे हैं, अंत में टीम के लिए जो सही रहेगा वह अंतिम फैसला होगा।''

श्रृंखला के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी जोड़ी को आराम दिया गया है। उनकी गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने अंतिम ओवर में रोवमैन पावेल के लगातार दो छक्कों के बावजूद धैर्य कायम रखते हुए भारत को जीत दिलाई।

पंत ने कहा कि टीम की योजना गेंद को आफ स्टंप से बाहर



रखने की थी।

उन्होंने कहा, ''दो छक्के लगने के बाद बात हुई कि वह गेंद को आफ साइड के बाहर रखने का प्रयास करेगा लेकिन अंत में उसने अपने मजबूत पक्ष के हिसाब से काम किया।''

पंत ने कहा, ''बेशक मैच में काफी दबाव था लेकिन व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में हम काफी अधिक सोचने की जगह अपने कौशल पर ध्यान देते हैं।''

चोटों से जूझने वाले हार्दिक पंड्या के उपलब्ध नहीं होने के कारण भारत तेज गेंदबाजी आलराउंडर वेंकटेश अय्यर को फिनिशर के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने दूसरे मैच में 18 गेंद में 33 रन की पारी खेली और पंत के साथ 35 गेंद में 76 रन जोड़कर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 186 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने से टीम में जगह सुरक्षित होने के संदर्भ में पूछे जाने पर पंत ने कहा, ''यह टीम योजना का हिस्सा है। व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में मैं यह नहीं सोचता कि मुझे यह स्थान सुरक्षित करना है या दूसरा।''

गुगली विशेषज्ञ 21 साल के रवि बिश्नोई के रूप में भारत के पास अब एक और स्पिन विकल्प है। बिश्नोई ने पहले टी20 में पदार्पण करते हुए 17 रन देकर दो विकेट चटकाए थे जिसके लिए उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया था।

दूसरे मुकाबले में उन्होंने 30 रन देकर एक विकेट चटकाया और पंत विकेट के पीछे से इस युवा खिलाड़ी से लगातार बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा, ''टीम में नए खिलाड़ी के लिए सबसे महत्वपूर्ण उसे आत्मविश्वास देना होता है। आप उसे जितना अधिक आत्मविश्वास दोगे, यह उतना अधिक महत्वपूर्ण होगा।''

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से खुश हैं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान टॉम लाथम ने शनिवार को यहां हेगले ओवल में शुरूआती टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 276 रन की जीत के बाद कहा कि यह कि वे इस जीत से काफी खुश हैं। न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में 276 रन से जीत गई। टीम ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। हालांकि, टीम ने उस वक्त यह मैच जीता, जब तीन दिग्गज खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने तीन टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में भारत को 2-1 से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ मैच को दो दिन से अधिक समय में जीत के साथ समाप्त कर दिया। 14 साल में यह पहली बार था जब ब्लैककैप ने विलियमसन, टेलर और बोल्ट के बिना टेस्ट खेला और टीम ने जीत हासिल की।

टॉम लाथम ने जीत के बाद कहा, हां, यह स्पष्ट रूप से टीम के लिए बहुत अच्छा है। हमने विलियमसन, टेलर और बोल्ट के बिना यह टेस्ट खेला और जीत हासिल की। युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेला, उन्होंने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी का भरपूर फायदा उठाया। मुझे पहले लगा कि ये टेस्ट हार जाएंगे, क्योंकि टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मौजूद नहीं थे। जब अफ्रीका की पहली पारी पहले दिन ही समाप्त हो गई, और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, तब मुझे इस बात पर खुशी हुई कि टीम के खिलाड़ियों ने तीन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के बिना अच्छा और रोमांचक खेल दिखाया। उन्होंने आगे कहा, पहली पारी में गेंदबाज हेनरी द्वारा लिए गए सात विकेट और दूसरी पारी में गेंदबाज टिम साउदी द्वारा लिए गए पांच विकेट टीम के लिए फायदेमंद रहे। हालांकि, साउदी एक सफल गेंदबाज साबित हुए क्योंकि उन्होंने इस दौरान सर रिचर्ड हेडली के घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।